

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 धोनी के सिक्स के बाद यश दयाल ने ... | छक्का लगा तो मुझे पिछले साल की याद आ गई ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 39 | नई दिल्ली, सोमवार, 20 मई, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में युवक की गोली मारकर हत्या

पटना। पटना में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने उसे गोली मार दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। जैसे ही स्थानीय लोग वहां पहुंचे, युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद अपराधी फरार हो गया। यह मामला कदमकुआं थाना क्षेत्र के लंगर टोली मोड़ इलाके का है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा मिला है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। लोगों का कहना है कि आचार संहिता के दौरान पटना के सबसे व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हत्या से लोग दहशत में हैं। ऐसा लगा रहा है कि अपराधियों में पुलिस दशहत खत्म हो गया है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से और हत्यारे की गिरफ्तारी करे।

### पश्चिम बंगाल में 4 मंदिरों में तोड़फोड़ के विरूद्ध पूरे राज्य में प्रदर्शन

नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी में चार हिन्दू मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ किये जाने और इस पर प्रशासनिक निष्क्रियता के विरोध में राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने यहां अपने बयान में कहा कि परसों शुक्रवार की रात पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड़ी जिलांतर्गत धूपगुडी में कॉलेज के पास चार हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ और उस पर स्थानीय शासन प्रशासन की उदासीनता के विरूद्ध सम्पूर्ण हिंदू समाज आक्रोषित है। खबर है कि दो दुर्गा मंदिर, एक शिव मंदिर तथा एक शनि मंदिर को जिहादियों ने निशाना बनाया है। मंदिर समितियों द्वारा लिखित शिकायत के बावजूद अभी तक किसी भी आक्रांता की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

बेंगलुरु। बेंगलुरु में सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने प्रज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में शनिवार को वारंट जारी किया। इस मामले में प्रज्वल के पिता एवं होलेनरसीपुरा से विधायक एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी रेवन्ना एक महिला के अपहरण के मामले में सात दिन जेल में बिताने के बाद जमानत पर हैं। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्वल के खिलाफ तीन महिलाओं ने यौन उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज कराए हैं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के इंजन में लगी आग

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। विमान बेंगलुरु से कोच्चि जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं। इसके बाद विमान को वापस उतारने का फैसला किया गया और शनिवार रात विमान बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। ग्राउंड सर्विसेज ने भी आग की सूचना दी थी।

**लोस चुनाव : तैयारी पूरी, सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगी वोटिंग**

# पांचवा चरण : बिहार की पांच सीटों सहित 49 सीटों पर मतदान आज

## मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में डाले जाएंगे वोट, 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय करेंगे मतदाता

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को बिहार की पांच सीटों सहित आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों पर वोट डाले जाएंगे। बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव होना है, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं। पांचवें चरण में जिन आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के संसदीय सीटों के लिये मतदान होगा, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट है। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर मतदान होगा। सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसारा 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों




में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डाल कर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष तथा 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति तीन और अनुसूचित जाति की सात सीटें हैं।

**सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था :** आयोग ने कहा है कि मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिये 17 विशेष रेलगाड़ियाँ और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें संचालित की गयी हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन देने से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिये कुल 2000 उड़न दस्ते, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण के लिये 85 वर्ष से अधिक उम्र के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत और 7.03 लाख दिव्यांग और सौ साल से अधिक उम्र के 24,792 मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही काफी सराहना और प्रतिक्रिया मिल रही है। आयोग ने इस चरण के चुनाव को सुचारु और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये 153 पर्यवेक्षकों (55 सामान्य पर्यवेक्षक, 30 पुलिस पर्यवेक्षक, 68 व्यय पर्यवेक्षक) की तैनाती कर रखी है। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। कुल 216 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 565 अंतरराज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त वस्तुओं को लाने और ले जाने पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। इसके अलावा समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गयी है।

**राजनाथ सिंह, राहुल गांधी सहित कई दिग्गजों की साख दांव पर:** इस चरण के में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य सहित कई दिग्गजों की साखा दांव पर लगी है।

### आयोग ने की अधिक संख्या में मतदान करने की अपील

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान से एक दिन पहले निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि मुंबई, ठाणे और लखनऊ जैसे शहरों में लोगों ने अतीत में मतदान के प्रति उदासीनता दिखाई है। आयोग ने इन शहरों के मतदाताओं से इस बार बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की। निर्वाचन आयोग ने कहा कि अतीत में इन शहरों ने मतदान प्रक्रिया में शहरी उदासीनता का प्रदर्शन किया है। उसने कहा, आयोग विशेष रूप से इन शहरों के मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेकर इस कलंक को मिटाने का आह्वान करता है। आयोग ने तीन मई को भी एक बयान जारी कर दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत का उल्लेख करते हुए कहा था कि वह कुछ महानगरों में मतदान के प्रतिशत से काफी निराश है। मतदान को लेकर शहरी उदासीनता से लड़ने की रणनीति पर काम करने के लिए निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने कई महानगरों के आयुक्तों के साथ एक बैठक की थी।

मतदान प्रक्रिया को लेकर शहरी और युवा उदासीनता को ऐसी घटना के रूप में वर्णित किया जाता है जब युवा मतदाता और महानगरों में रहने वाले लोग मतदान के दिन अपने मतदान केंद्रों पर नहीं आते हैं। लोकसभा चुनाव के पिछले चार चरणों में अब तक 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पिछले चार चरणों में लगभग 45.10 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

**केन्द्रीय गृह मंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित**

# चार चरणों में 270 का आंकड़ा पार हुआ : शाह

## बोलें-बिहार की सभी 40 सीटें जीत रहे

प्रात : किरण

पटना/बेतिया/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बेतिया में भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजय जायसवाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि बिहार में सभी 40 सीटें राजग गठबंधन को मिल रही हैं। अबतक हुए चार चरणों में कुल 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव कहते हैं कि मुसलमानों को शत-प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। लालू बताएं कि वे किसका आरक्षण काट कर देंगे? दलितों का, आदिवासियों का या पिछड़े समाज का आरक्षण काट कर देंगे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं। ये झूठ बोलकर और जनता को गुमराह कर राजनीति में विजय प्राप्त करना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद बिहार के सीएम और केंद्र में मंत्री रहे। इस दौरान क्या उन्होंने कभी कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए प्रयास किया। कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम पीएम मोदी ने किया है। शाह ने कहा कि पीओके हमारा है या नहीं? कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर और लालू यादव के साथी फारुक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, पीओके की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। यह मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है और रहेगा। इसे हम लेकर रहेंगे। गृहमंत्री की सभा के



लिए वाटर प्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया था। इसमें 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था थी। जनसभा के बाद शाह दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

**इंडी गठबंधन का सूफड़ा साफ होने वाला :** गृह मंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन का सूफड़ा साफ होने वाला है। इंडी गठबंधन के लोग झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं। झूठ बोलकर विजय प्राप्त करना चाहते हैं। यह लोग कहते हैं कि मोदी जी 400 पार करेंगे तो आरक्षण हटा देंगे। इससे बड़ा झूठ और कुछ हो ही नहीं सकता है। आप बताइए मोदी जी 10 साल से आपकी सेवा कर रहे हैं? क्या अब तक आरक्षण को हाथ भी लगाया है? मैं आप आपके बीच में कहकर जाता हूं कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई भी हाथ नहीं लगा सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में पांच व चार प्रतिशत मुस्लिमों को कांग्रेस ने आरक्षण दिया। यह संविधान के खिलाफ है। गृह मंत्री ने कहा कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है।

**सीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, सरकार की उपलब्धियां गिनाई**

# भाजपा के साथ मिलकर करेंगे देश और राज्य का विकास : नीतीश

## बोलें-फिर से नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री

प्रात : किरण

पटना। वैशाली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल राजद पर एक बार फिर हमला बोला है। रविवार को वैशाली लोकसभा क्षेत्र के प्रेमराज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने राजद पर जमकर हमला बोला। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि वह केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। जबकि पूरा बिहार मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि उनको 15 साल राज करने को मिला इन लोगों ने कुछ नहीं किया। सात साल राज करने के बाद जेल जाने लगे तो अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिए। कोई काम नहीं किया। फिर अपने दोनों बेटों को विधायक बना दिया। उन्होंने अपने बेटे-बेटियों को आगे बढ़ाने का काम



किया है। भाजपा के साथ मिलकर काम करेंगे और देश और राज्य का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री ने बिहार में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया।

वहीं, गोपालगंज सुरक्षित संसदीय सीट पर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि हमने मुस्लिम समुदाय के लिए भी बहुत सारी योजनाओं पर काम किया है। उन्होंने कहा कि आठ हजार से अधिक कब्रिस्तान की चहारदीवारी कराई और एक हजार और का काम बाकी है, जिसे चुनाव बाद कराया जाएगा। नेता नीतीश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि 2005 के पहले दूसरे दल के लोग आपका वोट लेते रहे, लेकिन कुछ नहीं किया। केवल दंगा-फसाद कराया। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा और जदयू साथ आए तब से सब बंद हो गया है। नीतीश कुमार ने मदरसा शिक्षकों के सरकारी स्कूलों के जैसे शिक्षक बनाने की भी बात कहीं। उन्होंने कहा कि आप लोग अगर फिर से विपक्षी दलों के लोगों को वोट करिएगा तो फिर से वह लोग गड़बड़ी करेंगे और विकास के काम को नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा कि वे केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। जबकि पूरा बिहार मेरा परिवार है। नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने देश के लिए पिछले 10 सालों में बहुत कुछ काम किया है। उसकी बदौलत बिहार में 40 सीटें और देश में 400 सीट से अधिक एनडीए को मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री के साथ आए राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा और मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया।

# इंडिया गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें आएंगी : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर अबतक चार चरणों का मतदान सम्पन्न हो चुका है। इसके बाद कल पांचवें चरण का मतदान होना है। उससे कुछ घंटे पहले तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो तेजस्वी के चुनावी जनसभा में हेलिकॉप्टर पर सवार होकर एक जगह से दूसरी जगह जाने के बीच का है। जिसमें दोनों नेता गहन चुनावी चर्चा करते दिख रहे हैं। इस दौरान वे अपने मुद्दे और चुनावी जनसभाओं की बात कह रहे हैं। इतना ही नहीं तेजस्वी यादव ने 300 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा भी कर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और नौजवानों में काफी उत्साह है। केंद्र सरकार से लोग ऊब चुके हैं। वहीं पकाऊ और थकाऊ भाषण दे रहे हैं। इस बार इंडी गठबंधन



को 300 से ज्यादा सीटें आएंगी तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी से कहा अब तक वह 180 चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने जो नौकरी दी है, उससे युवाओं में उम्मीद जगी है। देश की जनता अब नफरत की राजनीति नहीं चाहती है। तेजस्वी ने कहा कि इस तरीके की राजनीति बहुत दिनों तक नहीं चलती है। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि बिहार में भाजपा साफ और यूपी में हाफ हो जाएगी। इंडी गठबंधन को 300 से अधिक सीटें आएंगी। बिहार में आरजेडी को चार सीट और पूरे देश में कांग्रेस को 40 सीटें भी लोकसभा चुनाव में नहीं आएगी। अमित शाह की इस भविष्यवाणी पर तेजस्वी यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि किसी को किसी ने भविष्यवाणी करने से नहीं रोक रखा है। बिहार विधानसभा चुनाव में तो ये लोग 200 सीट पार करने का दावा करते थे। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में शपथ ग्रहण का टाइम तक बता दिया था लेकिन क्या हुआ? ये लोग बिहार आकर जो भी बोलते हैं, उसके उल्टा होता है।

# मैं डिबेट के लिए तैयार, क्या पीएम आएंगे : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुले मंच से डिबेट की चुनौती दी है। उन्होंने बुद्धिजीवियों की ओर से लिखे पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे और मोदी को चिट्ठी लिखी है कि मोदी जी और राहुल गांधी को बहस करनी चाहिए। राहुल ने कहा कि वे बहस के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री कहीं भी, किसी भी समय बहस कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से पूछा, क्या आपको लगता है कि मोदी जी डिबेट के लिए आएंगे? वो मेरे से बहस नहीं करेंगे। क्योंकि वो आए तो मेरा पहला ही सवाल होगा कि आपका अडानी से क्या संबंध है? उसके बाद इलेक्टोरल बॉन्ड पर सवाल होगा कि आप इसे समझा दो? इसी में फांस जाएंगे।

# इंडिया गठबंधन को मिलेगा स्पष्ट और निर्णायक जनादेश : जयराम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ किसानों, युवाओं, श्रमिकों, वंचित वर्गों में भारी नाराजगी है। चार जून को इंडिया गठबंधन को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिलेगा। देश की जनता ने मोदी सरकार के दस साल के अन्याय काल से मुक्ति पाने का मन बना लिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश रविवार को बिहार के पटना में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा, लोकसभा चुनाव में 369 सीटों पर चुनाव हो चुका है। शुरूआती दौर के चुनाव से साफ हो चुका था कि भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर भारत में हाफ हो चुकी है। जमीनी रिपोर्ट्स के अनुसार आज देश में कोई लहर नहीं है। 19 अप्रैल के बाद प्रधानमंत्री की भाषा में परिवर्तन आया है। 19 अप्रैल के बाद प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, मंगलसूत्र का नाम लेकर चुनाव सभा को संबोधित कर रहे हैं। बौखलाहट के कारण प्रधानमंत्री चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश में लगे हुए हैं। 19 अप्रैल के बाद मोदी की गारंटी गायब हो चुकी है। 27 अप्रैल के बाद भाजपा का 400 पार का नारा गायब हो चुका है। मोदी को अंदाजा लग चुका है कि जमीनी स्तर पर इंडिया गठबंधन जीत रहा है। कांग्रेस के वादे जनता को पसंद आ रहे हैं।

**चुनाव** | **पीएम मोदी ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना**

# माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं शाहजादे : मोदी

प्रात : किरण

जमशेदपुर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे द्वारा माओवादियों की भाषा बोलने के कारण कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को खानदानी जयदाद मानने का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने गांधी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा, कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीकों से पैसा



वसूल रहे हैं। इससे पहले, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा था, मैं प्रधानमंत्री मोदी से कभी भी और कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह नहीं आएंगे। पहला सवाल मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछूंगा कि अडाणी के साथ उनका क्या रिश्ता है। गांधी ने कहा था, प्रधानमंत्री कांग्रेस को अडाणी-अंबानी से ढेर सारा पैसा मिलने की बात करते हैं, लेकिन उनमें इसकी जांच कराने की हिम्मत नहीं है। जमशेदपुर की रैली में मोदी ने भाजपा के विद्युत बरन महतो के लिए प्रचार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने धन उगाही की जिम्मेदारी ली है।

मोदी ने कहा, मैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं। उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे यह कहते हुए इस निर्वाचन क्षेत्र में पहुंचे हैं कि यह मेरी मां की सीट है, जो स्कूल जाने वाला आठ साल का लड़का भी नहीं कहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी मां ने कहा कि वह अपने बेटे को रायबरेली को सौंप रही हैं। उन्हें पार्टी का एक भी समर्पित कार्यकर्ता नहीं मिला। रायबरेली के मतदाता उनसे पूछते हैं कि वे कहां थे जब लोग कोविड महामारी के दौरान मुसीबत में थे।

उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस एक वसीयतनामा लिख रही है; वे संसद सीट को खानदानी जयदाद मानते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूबे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, यह कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही है। झामुमो और कांग्रेस को उद्योगों की कोई चिंता नहीं है। झारखंड अपने समृद्ध संसाधनों के बावजूद भ्रष्ट नेताओं के पास मौजूद काले धन के ढेर के लिए जाना जाता है। उन्होंने सेना को भी नहीं बख्शा और उसकी जमीन हड़प ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं।

# निकोबार द्वीप पर दस्तक दे रहा दक्षिण-पश्चिम मानसून

प्रात : किरण

नई दिल्ली। भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने कहा, ह्यह्यदक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरूआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18



जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था। आईएमडी ने पिछले महीने ला नीना की अनुकूल स्थितियों के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का पूवानुर्मान जताया था। ला नीना की स्थितियां भारत में मानसून के दौरान अच्छी बारिश में मदद करती हैं। देश का बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

## देखते ही देखते आग का गोला बना कैंटर, लपटें देख चिल्लाते रहे लोग; वीडियो देख रह जाएंगे हैरान



**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के रानीबाग चुंगी के पास एक कैंटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक ने कैंटर से कूदकर अपनी जान बचाई।

हल्द्वानी के रानीबाग चुंगी के पास एक कैंटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक ने कैंटर से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, कैंटर ट्रांसपोर्ट से सामान और ईंट लेकर थराली जा रहा था। आग लगने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान जाम की स्थिति पैदा हो गई।

रानीबाग चुंगी के पास कैंटर संख्या यूके 04-सीबी 5277 मे अचानक आग लग गई। चालक प्रकाश सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी सिरकोट बैजनाथ आग में झुलसा है। कैंटर ट्रांसपोर्ट से सामान और ईंट लेकर थराली जा रहा था। कैंटर में आग लगने की वजह से रानीबाग रोड में दोनों ओर जाम लगा रहा।

## पीपलकोटी के पास हादसा, गुजरात के यात्रियों से भरा टेंपो ट्रैवलर सड़क पर पलटा, मची चीख पुकार

**चमोली, एजेंसी।** गुजरात के करीब 18 यात्री चारधाम यात्रा पर आए थे। वह केदारनाथ धाम में दर्शन के बाद बदरीनाथ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया।

चमोली में बदरीनाथ हाईवे पर देर रात यात्रियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर पलटने से हादसा हो गया। वाहन के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ ने वाहन में सवार सभी यात्रियों की जान बचा ली। कुछ यात्री घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, वाहन संख्या यूके-15पीए-4567 (टेंपो ट्रैवलर) चमोली से पीपलकोटी की ओर जा रहा था। वाहन में अहमदाबाद गुजरात के करीब 18 यात्री सवार थे। सभी यात्री केदारनाथ से बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे।



चालक संजू (47) पुत्र हरिचंद निवासी मंडी हिमाचल प्रदेश ने बताया कि वाहन के अचानक ब्रेक फेल हो गए थे। इसलिए उसने वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया था, जिससे वाहन सड़क पर पलट गया।

इस दौरान तीन यात्रियों को मामूली चोट आई है। बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस ने घायलों को 108 के माध्यम से उपचार क लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा। अन्य यात्रियों के लिए वाहन की व्यवस्था कर उनके द्वारा पूर्व निर्धारित बुक किए गए होटल पीपलकोटी भेज गया।

### सर्किट हाउस टैंक की सफाई, आधे अल्मोड़ा में नहीं आया पानी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** दूषित पानी की आपूर्ति रोकने के लिए जल संस्थान ने जलाशयों की सफाई शुरू कर दी है। एनटीडी स्थित मुख्य जलाशय की सफाई होने से आधे नगर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हुई। वहीं सर्किट हाउस जलाशय की सफाई होने से आधे नगर में जलापूर्ति ठप रही। बीते दिनों हुई बारिश के बाद कोसी पंपिंग योजना से आई सिल्ट नगर के जलाशयों में जमा हो गई, इससे दूषित पानी रहा है। बीते बृहस्पतिवार को जल संस्थान ने नगर के मुख्य जलाशय की सफाई की, इससे आधे नगर के लोगों को शुद्ध पानी मिला। वहीं शुक्रवार को नगर के सर्किट हाउस जलाशय की सफाई होने से आधे नगर में जलापूर्ति प्रभावित रही।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपीएच की परीक्षाएं स्थगित

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि ने परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. वीपी श्रीवास्तव ने बताया कि 18 मई से आयोजित होने वाली मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) प्रथम वर्ष की परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई हैं। संशोधित कार्यक्रम शीघ्र विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### लालकुआं जंक्शन में कंप्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम लागू

**लालकुआं, एजेंसी।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को उपभोक्ताओं सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक बेहतर कदम उठाया है। जिसके तहत पार्सल यातायात को ट्रैक करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने कंप्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत की है। इस सिस्टम के माध्यम से उपभोक्ता बुक लगेज (पार्सल) को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगेज बुक करने के बाद ट्रेन में उसे चढ़ाने से लेकर गंतव्य स्थान तक पहुंचने की सारी जानकारी मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। इस सिस्टम में कंप्यूटर की मदद से लगेज का वजन लेने के बाद 10 अंकों का एक प्रोग्रेसिव रिफरेंस रिकॉर्ड (पीआरआर) संख्या जेनरेट होती है। जिसमें लगेज का वजन, बुकिंग स्टेशन, गंतव्य स्टेशन, सामग्री का विवरण, बुकिंग की तिथि, समय एवं गाड़ी संख्या इत्यादि अंकित होती है। पीआरआर संख्या की मदद से लगेज को आसानी से ट्रैक कर सकते है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे, पंकज कुमार ने बताया कि यह प्रणाली पूर्वोत्तर रेलवे के कुछ स्टेशनों समेत उत्तराखंड के सिर्फ लालकुआं जंक्शन में लागू किया गया है। काठगोदाम, रुद्रपुर सिटी, काशीपुर और रामनगर स्टेशन में भी इस सिस्टम की शुरुआत की जाएगी।

### विद्यालय के छात्रों पर बदतमीजी का आरोप

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के एक निजी स्कूल की छात्रा ने अपने ही स्कूल के छात्रों पर उनका पीछा करने व बदतमीजी करने का आरोप लगाया। परिजनों को पता लगने पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ तो मारपीट हो गई और मामला कोतवाली पहुंच गया। बीते दिनों मल्लीताल निवासी एक छात्रा ने स्कूल के छात्रों पर पीछा कर बदतमीजी करने की बात अपने भाई को बताई थी। छात्रा के भाई ने छात्र को धमकाकर पीटा तो वह अपने बड़े भाई को बुला लाया। जहां दोनो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के बाद छात्रा अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची। जहां पुलिस की ओर से दूसरे पक्ष को भी कोतवाली बुलाया गया। पुलिस की ओर से कार्रवाई की बात पर दोनों पक्ष शांत हो गए। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि दोनों पक्षों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

### पर्यटक ने ऑन ड्यूटी होमगार्ड से की अभद्रता, पुलिस ने की कार्रवाई

**नैनीताल, एजेंसी।** मल्लीताल क्षेत्र में यातायात ड्यूटी कर रहे होमगार्ड की शुक्रवार को पर्यटक से नोकझोंक हो गई। आरोप है कि प्रतिबंधित क्षेत्र से वाहन हटाने को कहने पर पर्यटक ने उनसे अभद्रता की। होमगार्ड ने कोतवाली में शिकायत कर पर्यटक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर यातायात पुलिस व होमगार्ड ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक पर्यटक ने बीच सड़क कार रोक दी। जब होमगार्ड ने कार हटाने को कहा तो वह होमगार्ड से भिड़ गए। होमगार्ड शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया। पुलिसकर्मी ने पर्यटक को जमकर फटकार लगाई और उसे कोतवाली ले आई। कोतवाली में भी पर्यटक ने खुद को विधायक का बेटा बताया। बाद में पर्यटक शांत हो गए। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि यातायात बाधित करने व होमगार्ड से अभद्रता करने पर रेलवे कॉलोनी, शाहजहांपुर निवासी शेखर सक्सेना के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### कुविवि ने पाठ्यक्रम से बाहर प्रश्न पत्र मामले में समिति गठित की

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय से एमबीपीजी कॉलेज व महिला महाविद्यालय में एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर की बैंकिंग आपरेशंस विषय की परीक्षा में द्वितीय सेमेस्टर का प्रश्नपत्र मिलने के मामले में समिति गठित कर दी है। समिति में दो सदस्यीय विशेषज्ञ मामले की जांच करेंगे। कुविवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ.महेंद्र राणा ने बताया कि विवि की ओर से बीते दिवस ही इसमें एक्शन लेकर कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो.अतुल जोशी व सहायक कुलसचिव गोपनीय शमसेर सिंह की दो सदस्यी टीम गठित की जा चुकी है। प्रथम दृष्ट्या 70 फीसदी प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम से तथा 30 फीसदी बाहर से होने की पुष्टि हुई है।

## गौचर से बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए शुरू होगी हेली सेवा, इस दिन से मिलगी सुविधा



**चमोली, एजेंसी।** 25 मई को हेमकुंड साहेब की यात्रा शुरू होने पर सरकार ने यहां हेली सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए इस बार गौचर से बदरीनाथ और हेमकुंड साहेब के लिए हेली सेवा की सुविधा मिलेगी। आगामी 25 मई से गौचर हवाई पट्टी से सेवा के शुरू होने की उम्मीद है। सरकार की उड़ान योजना के तहत देहरादून से गौचर तक हवाई सेवा संचालित हो रही है, जिससे यात्री गौचर आ सकते हैं।

25 मई से यहां से बदरीनाथ और हेमकुंड साहेब के लिए हेली सेवा शुरू होगी। गुरुद्वारा हेमकुंड साहेब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया, 25 मई को हेमकुंड साहेब की यात्रा शुरू होने पर सरकार ने यहां हेली सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। यात्री दिन में हेलीकॉप्टर से गौचर से गोविंदघाट, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब आ जा सकेंगे।

## हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर राजनीतिः कांग्रेस का भाजपा पर निशाना; कहा- कुमाऊं-गढ़वाल के बीच दंगल करा रही बीजेपी

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर चल रही कवायद पर रार थमने का नाम नहीं ले रही है। अब इसमें राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि हाईकोर्ट के मुद्दे पर भाजपा ने कुमाऊं और गढ़वाल के बीच दंगल कराने का काम किया है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय का कहना है कि हाईकोर्ट के मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा सरकार ने चुप्पी साधकर उत्तराखंड के दोनों मंडलों कुमाऊं और गढ़वाल के राजनेताओं, अधिवक्ताओं और आम जनता के बीच दंगल कराने का काम किया है। छोटे राज्य के लिए यह स्थिति बेहद अफसोसजनक है। जारी बयान में डॉ. उपाध्याय ने कहा कि राज्य गठन के समय वृहद मंथन के बाद देहरादून को तात्कालिक राजधानी और नैनीताल में हाईकोर्ट बनाने का निर्णय हुआ था। क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट की स्थापना



नैनीताल में की गई। नैनीताल हाईकोर्ट ने ही पूर्व में गौलापार क्षेत्र में फुल बेंच स्थापित करने पर सहमति दी थी जिस पर राज्य सरकार भी सहमत है। यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो किच्छा क्षेत्र में हाईकोर्ट स्थापना के लिए सभी आवश्यक दशाएं मौजूद हैं। पंतनगर एयरपोर्ट, रेलवे, अन्तर्राज्यीय बस अड्डा, नेशनल हाईवे, मेडिकल सुविधाएं और अन्य जिलों से ज्यादा यातायात, आवाजाही एवं संचार की बेहतर सुविधाओं से युक्त है। अधिकतर विकास गढ़वाल में हुआ है। हाईकोर्ट के यहां से चले जाने से कुमाऊं के पास क्या रह जाएगा। यहां के अधिवक्ताओं के पास क्या रह जाएगा। जनहित में हाईकोर्ट कुमाऊं में ही रहना चाहिए, इसे यहां से नहीं जाना चाहिए।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, तीन घायल

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** हल्द्वानी मार्ग पर नंदपुर गेरुआ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं घायल हो गईं। कार सवार हल्द्वानी से रामनगर आ रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर शवों को मोर्चरी भेज दिया।

रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर शुक्रवार की रात नंदपुर गेरुआ के समय अज्ञात वाहन ने कार संख्या यूके-4एबी-0874 में टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बैलपड़ाव चौकी पुलिस ने घायलों को कार से निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं मृतकों के शव को एंबुलेंस से मोर्चरी भेजा। बैलपड़ाव चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज ने बताया मृतक नवाज खान (25) और सोनू उर्फ सन्नी (30) निवासी मंगल पड़ाव हल्द्वानी के रहने वाले थे। जबकि घायल मीनू, योगिता व रूपा की हालत गंभीर बनी हुई है। कार हल्द्वानी से रामनगर आ रही थी। दूसरी ओर रामनगर डिग्री कॉलेज के पास कार ने बाइक सवार अरमान व फैज निवासी गूलरघट्टी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए, जिनका रामनगर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### जीआरपी ने 15 दिन में 20 गुमशुदा बच्चों और महिलाओं को परिजनों से मिलाया

**हरिद्वार, एजेंसी।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस गुमशुदा बच्चे, महिलाओं और पुरुषों को खोजकर उनके परिवारों से मिलाकर मुस्कान बिखेर रही है। जीआरपी की टीम ने प्रदेशभर में 15 दिन के अंदर करीब 20 बच्चों और महिलाओं को रेलवे स्टेशन और ट्रेनों से खोज निकाला। इसके बाद उन्हें परिवारों से मिलवाया गया। लापता के लौटने की उम्मीद छोड़ चुके परिवार दोबारा उन्हें अपने बीच पाकर खुश हैं।

एक मई से ऑपरेशन स्माइल अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत लंबे समय से गुमशुदा बच्चे, महिला, पुरुषों की खोजबीन में टीमें जुटी हुई हैं। उत्तराखंड के साथ ही अन्य राज्यों में टीमें काम कर रही हैं। जीआरपी की एक टीम पूरे प्रदेश में काम कर रही है। अब तक जीआरपी की टीम ने 20 बच्चों व एक महिला को उनके परिवार से मिलवा चुकी है।

ऑपरेशन स्माइल की इंचार्ज महिला उप निरीक्षक प्रवीना सिदोला ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में चढ़ते समय छूटे 12 बच्चों को ढूंढा। इसके अलावा अन्य बच्चे खुला आश्रय गृह में थे, उन्हें भी परिजनों तक पहुंचाने का काम किया गया।

तीन बच्चे पांच दिन से ज्वालापुर स्थित खुला आश्रय गृह में थे। परिजनों को कोई सुराग नहीं लग पा रहा था। एक बच्चा बिहार, एक हरदोई और एक देहरादून का था। टीम ऑपरेशन स्माइल ने मेहनत के बाद घर की जानकारी निकाल ली। इसके बाद उन्हें परिजनों तक पहुंचाया। इसमें एक बच्चा घर से भागकर आया था, मगर वह कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं था।

उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से छह बालक खोजे। जबकि अन्य राज्यों से सात बालकों को बरामद कर परिजनों से मिलवाया। बालिकाओं की बात करें तो उत्तराखंड से एक तो यूपी व अन्य प्रदेश से पांच बालिका ढूंढी गई। एक महिला को भी उत्तर प्रदेश से खोजकर परिवार से मिलाया है। इस तरह से कुल 20 को मिलवाया गया है।

## सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने को जारी होंगे नोटिस



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस लाइन सभागार में हुई क्राइम बैठक और पुलिस कर्मचारी सम्मेलन में अपराधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि करबला, धारानौला में सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाने के लिए जारी नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद भी वाहन नहीं हटाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि करबला से धारानौला सिकुड़ा बैंड तक सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। यदि फिर भी वाहन स्वामियों ने अपने वाहनों को हटाया नहीं जाता है तो पुलिस वाहनों को क्रेन से हटाकर पुलिस लाईन डंपिग जोन में डाल देगी। उन्होंने जिले के सभी थानों में दर्ज अपराधों की समीक्षा की। संबंधित सर्किल सीओ, थाना प्रभारियों को विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बिना सत्यापन किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी थाना, एएनटीएफ, शाखा प्रभारी और अन्य कर्मचारी मौजूद भतरौजखान थानाध्यक्ष एसआई मदन मोहन जोशी को सराहनीय कार्यों के लिए पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। एसएसपी ने उन्हें पुरस्कृत किया। इसके अलावा दस अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## वैकल्पिक मार्ग पर घोड़े की मौत, श्रद्धालुओं के साथ ही बेजुबानों के लिए भी जोखिम भरी आवाजाही



**बड़कोट (उत्तरकाशी), एजेंसी।** भडेलीगाड यमुनोत्री वैकल्पिक मार्ग पर श्रद्धालुओं के साथ ही बेजुबानों के लिए जोखिम भरी आवाजाही है। मार्ग पर आज एक घोड़े की मौत हो गई।

भडेलीगाड यमुनोत्री वैकल्पिक मार्ग पर एक घोड़े ने दम तोड़ दिया। वन विभाग के वैकल्पिक मार्ग की बदहाली ने विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी। गत वर्ष भी इसी 2.5 किमी मार्ग पर कई घोड़े खच्चरों की मौत हुई थी।

सुरक्षा एवं सुगम आवाजाही को लेकर यह मार्ग काफी संवेदनशील है। भडेलीगाड यमुनोत्री वैकल्पिक मार्ग खड़ी चढ़ाई के साथ ही ऊंचे-ऊंचे रास्ते होने से श्रद्धालुओं के साथ ही बेजुबानों की आवाजाही जोखिम भरी रहती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 20 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मतदान की पूर्व संध्या पर कई कार्यक्रम आयोजित

महनार । हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होनी है और इसको लेकर पूर्व संध्या में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। शनिवार को ही सभी मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी भेज दी गई है तथा रविवार को ईबीएम भेजी जा रही है।जहां जहां से मतदान बहिष्कार की खबर मिली है तो अनुमंडल पदाधिकारी नीरज सिन्हा स्वयं जा कर मतदाताओं को समझा रहे है। मदन चौक समेत अन्य स्थानों पर सी सी टी वी कैमरा लगा कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जिला पदाधिकारी यशपाल सिंह मीणा ने एक वीडियो संदेश जारी कर जिला के मतदाताओं से मतदान करने का अपील किया है।इधर महनार की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती गीता ने भी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ जनसम्पर्क अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया तथा उन्हें उनके द्वारा किये जाने वाले मतदान के महत्व की जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर धूप से बचने के लिए छाया, पेयजल, व टॉयलेट की व्यवस्था रहेगी तथा इसके अलावा वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने व घर लेजाने हेतु प्रशासन वाहन की भी व्यवस्था करेगी तथा सभी मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था रहेगी।

# लालगंज में मुकेश साह हत्याकांड का सफल उद्भेदन, अवैध आग्नेयास्त्रों के साथ अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी

प्रात : किरण संवाददाता




हाजीपुर। वैशाली पुलिस ने लालगंज के पूर्व विधायक राजकुमार शाह के भाई मुकेश शाह हत्याकांड का सफल उद्वेदन करते हुए अपराधियों को अग्नियास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया है। वैशाली के एसपी हरिकिशोर राय ने आज पत्रकार वार्ता करते हुए जानकारी दिया । बीते दिनांक 27 जनवरी 2024 को लालगंज के मुकेश साह हत्या कांड के उदभेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसमें अनु० पु० पदा० लालगंज, जिला आसूचना ईकाई एवं थानाध्यक्ष लालगंज को शामिल किया गया था। उक्त गठित टीम को यह गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मुकेश साह हत्याकांड में शामिल कुछ अपराधकर्मी लालगंज फकुली मार्ग में रेलवे क्रासिंग के समीप हथियार एवं गोली के साथ किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष लालगंज, जिला आसूचना ईकाई की टीम एवं सशस्त्र बलों के साथ उक्त स्थल की घेराबंदी की।तभी पुलिस वाहन को देखकर सभी व्यक्ति भागने लगे। जिसमें भागते हुए तीन व्यक्तियों (गोलु कुमार, नीरज कुमार, ललन कुमार) को सशस्त्रबलों के सहयोग से पकड़ लिया गया एवं अन्य व्यक्ति भागने में सफल रहे। पकड़ाये अपराधियों की तलाशी के क्रम में गोलु कुमार के पास से 01 लोडेड देशी कट्टा, ललन कुमार के पास से 01 लोडेड देशी कट्टा व 01 मोबाईल एवं नीरज कुमार के पास से 02 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इनके द्वारा बताया गया कि ये सभी लोग रोड में आने-जाने वाले व्यक्तियों से लूट-पाट के लिए जमा हुए थे। पकड़ाये तीनों व्यक्तियों से सख्ती से पुछ-ताछ करने पर गोलु कुमार के द्वारा 27 जनवरी 2024 को लालगंज के पूर्व विधायक राजकुमार साह के भाई मुकेश साह को लालगंज बाईपास में अपने साथी के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या किये जाने की बात स्वीकार की एवं यह भी बताया कि योजना एवं षड्यंत्र में बेउर जेल में बंद रौशन कुमार उर्फ तात्या एवं उसके गैंग के अन्य लोग भी शामिल थे। घटना के समय की प्राप्त उउळ्श फुटेज में भी गोलु कुमार की पहचान हुई है। उक्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी से मुकेश साह हत्याकांड, लालगंज थाना कांड सं0-21/24, दिनांक-29.01.2024 धारा-302/34 भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) ए/26/27/ 35 आर्म्स एक्ट का सफल उद्भेदन हुआ है। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तारो में गोलु कुमार, पे०-अनंत राम, सा० पुरैनिया, थाना-लालगंज, जिला-वैशाली। ललन कुमार, पे०-हरि किशुन सहनी, सा० पुरैनिया, थाना-लालगंज, जिला-वैशाली तथा नीरज कुमार, पे०-अवधेश राय, सा० रामपुर, थाना-गरखा, जिला-सारण है ।

# सामूहिक प्रयास से सुरक्षित होगा हमारा पर्यावरण

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः जागरूकता यदि बार बार जारी रखा जाए तो कहीं ना कहीं बदलाव की संभावना हो सकती है। लगातार पर्यावरणीय संरक्षण का अलख जगा रहे साईकिल यात्रा एक विचार जमुई के सदस्यों द्वारा किया जा रहा प्रयास से प्रेरित होकर लोग अपने क्षेत्र में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से पहल कर रहे है। यह व्याख्या उझंडी ग्राम की है जहां के युवाओं ने सामाजिक रूप से ग्रुप गठन कर अपने गांव के तालाब और पेड़ो को बचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर साईकिल यात्रा एक विचार की टीम अपने 437वीं यात्रा के दौरान उक्त ग्राम पहुंची साथ ही ग्रामीण युवाओं के साथ हुई बैठक कर तालाब के पास सामूहिक प्रयास से एक पार्क बनाने का भी विचार किया गया। इसके लिए सामूहिक रूप से पार्क वाली भूमि का घेरा बन्दी और तालाब को खूबसूरत बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया। मंच के सहयोग से इस परिसर में कुल 18 पौधे लगाए गए जिसकी सुरक्षा के लिए घेराबंदी की गई साथ ही हर युवा को नियमित निगरानी करने के लिए जिम्मेदारी भी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित शैलेश कुमार ने कहा कि अगर हर गांव में यदि इसी तरह युवा जागरूक हो जाए तो हम पर्यावरण को कुछ हद तक सुरक्षित रख सकते है। वर्तमान समय में बंगलौर जलविहीन शहर होने की सूचना मिली है वही राजस्थान के भूजल विभाग के सर्वेक्षण में भी 2025 तक जयपुर, अजमेर सहित 10 जिला जलविहीन क्षेत्र होने का सूचना दी है। जो की भविष्य के लिए खतरनाक संकेत दे रहा है। इससे अपने जिला भी अछूता नहीं है, लोगों को सामूहिक रूप से एकजुट होकर पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए कार्य करते रहना होगा। सदस्य अमितेश मिश्रा ने बताया की सामूहिक रूप एकजुट होकर की बदलाव आ सकती है यदि भविष्य को बचाना है तो हमें मिलकर अपने प्रकृति संसाधन को बचाना होगा।

# पेयजल संकट झेल रहे कोल्हुआ पंचायत के वार्ड ग्यारह और तेरह के वासी

## सरकार पीएचईडी मंत्री जिलाधिकारी व विभाग को पत्र भेज समस्या निदान की लगाई आस

- मामला कोल्हुआ पंचायत के धोबघट गांव का

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।प्रखंड के कोल्हुआ पंचायत अंतर्गत पड़नेवाले घोबघट गांव के वार्ड ग्यारह एवं वार्ड नंबर तेरह के वासियों ने संबंधित वार्ड में पेयजल सकंट के निदान को लेकर जिलाधिकारी जमुई मुख्यमंत्री बिहार एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री को डाक के माध्यम से पत्र प्रेषित कर संबंधित वार्ड में पेयजल संकट के निदान की मांग की है। उक्त वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर वार्ड ग्यारह एवं तेरह के ग्रामीण उमेश सिंह, नागमणि साव,अजित कुमार सिंह, शिबू कुमार, काजल कुमार सिंह, सुभाष सिंह आदि ने पेयजल संकट से त्रस्त हो समस्या को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड ग्यारह के बाबू टोला एवं वार्ड तेरह के साव टोला के लोग बीते कई महीनों से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इस वार्ड में सरकारी व्यवस्था के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए न चापाकल ही मौजुद है, और न ही जल नल योजना के तहत ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराने को ले सरकारी स्तर पर कोई समुचित व्यवस्था ही की गयी है। ग्रामीण वार्ड वासियों ने समस्या को ले यह भी बताया कि बीते वर्ष भी वार्ड में पेयजल संकट को लेकर अधिकारियों विभाग एवं राज्य सरकार का यहां उत्पन्न हो रहे पेयजल संकट के निदान को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया गया था, लेकिन समस्या यथावत बनी हुई है।आज तक इस समस्या का निदान यहां नही हो सका है। स्थिति यह है कि उक्त दो वार्ड के एक बड़ी आबादी के लोग विभागीय पदाधिकायों जन प्रतिनिधियों के उदासीनता से यहां पेयजल संकट से जूझने को विवश हैं जिसकी सुधि लेने वाला यहां कोई नही। समस्या से परेशान ग्रामीण वार्ड वासियों ने पत्र प्रेषित कर समस्या के निदान को लेकर मुख्यमंत्री बिहार सरकार जिलाधिकारी जमुई लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री एवं विभाग का समस्या के निदान हेतु ध्यान आकृष्ट कराया है ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# ऐप के माध्यम से किया जाएगा पैक्स का ऑडिट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। अब पैक्सों की निगरानी सुदुढ़ होगी। इसके लिए सहकारिता विभाग द्वारा तैयार ऑडिट एप की सहायता ली जा रही है।

इस एप की विशेषता यह है कि एक-एक पैक्स में वित्तीय प्रबंधन की निगरानी मुख्यालय स्तर से होगी। यहां तक की हर वर्ष पैक्स की ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी भी एप के माध्यम से ली जाएगी। ऑडिट एप को अक्टूबर से प्रभावी ढंग से सभी पैक्सों से जोड़ दिया जाएगा।

सहकारिता विभाग ने को-ऑपरेटिव कोर्ट इनफॉरमेशन सिस्टम एप तैयार किया है। जिसके माध्यम से सभी पैक्सों को उनसे जुड़े मामलों की सूचनाएं अपडेट मिलेगी। यह जानकारी मोबाइल पर भी उपलब्ध हो जाएगा। सहकारिता विभाग के मुताबिक पैक्सों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीकी सुविधाओं से युक्त बनाने का कार्य तेज कर दिया गया है। पैक्सों को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में कार्य करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

जिसमें डिजिटल सेवा पोर्टल पर सूचीबद्ध सभी सेवाएं नागरिकों को प्रदान करने में समक्ष होगी।पैक्सों के माध्यम से अब बैंकिंग,इंश्योरेंस, आधार नामांकन, अपडेट,कानूनी सेवाएं,कृषि इनपुट जैसे कृषि उपकरण,पैन कार्ड और आईआरसीटीसी,रेल,बस वो विमान टिकट संबंधी सेवाएं भी नागरिकों को प्रदान की जाएगी। इस सेवा से ग्रामीण स्तर के लोगों को काफी सहूलियत भी मिलेगा।

# डॉयन बिसाही के आरोप में एक विवाहिता की गला दबाकर कर दी गई हत्या, तफ्तीश में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुर गांव के वार्ड 6 में डायन बिसाही के आरोप में एक विवाहिता की गला दबा कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। जहां घटना की सूचना पाकर मौके वारदात पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहन तफ्तीश कर रही है। बताया जाता है कि मृतक के पति रूपेश कुमार के बड़े भाई अनिल कुमार सहित अन्य दो लोगों पर हत्या का आरोप है, बताया जा रहा है कि अनिल कुमार के बेटा बीमार था उसका इलाज चल रहा था लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं हो पा रहा था वे लोग अपने छोटे भाई रूपेश कुमार के पत्नी पर लगातार डायन का आरोप मढ कर विवाहिता के साथ मारपीट भी करते रहते थे इससे पूर्व मृतक के पति रूपेश कुमार ने स्थानीय थाना से लेकर मधेपुरा एसपी को भी लिखित आवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई संभव नहीं हो सका। बताया जाता है कि अनिल कुमार के बेटे की भी अचानक मौत हो गई, लिहाजा अनिल कुमार, बाबूलाल उर्फ बब्लू तथा शंभू शर्मा मिलकर विवाहिता की गला दबा कर हत्या कर दी और घटना स्थल से फरार हो गए। वहीं मृतक पति रूपेश की माने तो डायन बिसाही का आरोप मढ कर उनकी पत्नी का हत्या की गई है। रूपेश ने बताया कि एक वर्ष 4 माह शादी को हुए थे लगातार परिवार में हमारे पत्नी पर डायन का आरोप लगाकर मारपीट की जाती थी जिससे परेशान होकर पत्नी को उसके मायके में हीं रखते थे हाल के दिनों में विवाहिता अपने मायके से दुगार्पुर आई थी रूपेश ने बताया कि पूर्व में भी ये सभी लोगों ने मिलकर मेरी पत्नी के साथ जमकर मारपीट किया था जिसके बाद हमने स्टांप पेपर लिखित में बाउंड बना दिया था कि मेरी पत्नी डायन नहीं है अगर कोई साबित कर देता है तो मैं अपना गांव घर छोड़कर कहीं बाहर चला जाऊंगा। इसके बावजूद भी ये लोग नहीं माने और आज गला दबा हत्या को अंजाम दे डाला। वहीं मृतक विवाहिता के पिता अंजय शर्मा ने अपने पुत्री की हत्या का आरोप अनिल शर्मा, शंभू शर्मा तथा बाबूलाल उर्फ बब्लू शर्मा पर लगाया है। इस मामले को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे पुरैनी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तत्काल शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा जा रहा है साथ हीं मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।बहरहाल आवेदन प्राप्त नहीं हुई है आवेदन प्राप्त होते हीं मामला दर्ज कर अनुसंधान की जाएगी।

# मतदान के दिन नियंत्रण कक्ष से रखी जाएगी पैनी नजर



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर दिनांक 20 मई को हाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर, महनार, राघोपुर, राजापाकर, लालगंज तथा महुआ विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है । स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। इस कार्य हेतु समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है, जहां से मतदान पर पैनी नजर रखी जाएगी। आज जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा मतदान के दिन किए जाने वाले कार्यों की तैयारी की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने समाहरणालय सभागार में किया। उन्होंने निदेश दिया कि मतदान के दिन जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाले किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान के दिन स्विप कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी , उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी अन्य उपस्थित रहे।

# वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु योग शिविर हुआ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। योग से स्वस्थ होगा तन, मन और मतदान से वतन उक्त बातें योग शिक्षक प्रशिक्षार्थियों को योगाभ्यास कराते हुए पतंजलि योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सह पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष प्रसिद्ध योगगुरु डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी ने कहीं। डॉ. प्रियदर्शी ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से हम उत्तम स्वास्थ्य और मतदान से श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। योगगुरु ने कहा कि पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए योग अपनाने, लोकतंत्र और राष्ट्र को सबल बनाने के लिए सभी को मतदान करने की आवश्यकता है।

आरपीएस इंटर कॉलेज, काशीपुर, बिदुपुर में आयोजित योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता प्राचार्या सुष्मिता सिंह ने की, जबकि संचालन कुमारी सरोज सिंह ने किया। निदेशक अमरेन्द्र कुमार, योगगुरु डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी एवं प्राचार्या सुस्मिता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में नेशन फर्स्ट, वोटिंग फर्स्ट को ध्यान में रखते हुए हम पहले मतदान करें फिर जलपान करें। प्रो. मीनाली प्रियदर्शी ने कहा कि योग शिविर के माध्यम से चुनाव आयोग और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे वोट प्रतिशत बढ़ाने वाले अभियान को बल मिलेगा। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या सुस्मिता ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ा अधिकार है वोट, नागरिकों को इसका सदुपयोग को करना चाहिए।

योग शिविर में राजीव रंजन, सत्येंद्र सिंह, ओमप्रकाश, भानु कुमार, प्रीति प्रिया, निक्की शर्मा, विश्वजीत कुमार, ज्योति कुमारी, ओमप्रकाश, माधुरी कुमारी, विश्वंभर कुमार, ज्योति, राहुल कुमार, विनय कुमार, मिथिलेश कुमार, गणेश कुमार, गौतम कुमार, अर्जुन कुमार, सोनी कुमारी, श्याम सुंदर सिंह, मो. जावेद अख्तर नूरी, कुमारी अंचला, माला कुमारी, प्रिया कुमारी, बबीता कुमारी, हरिकांत कुमार, सौम्या कुमारी, भारती कुमारी, रुमा कुमारी, निक्की कुमारी, भारती, कुमारी गुड़िया, माला कुमारी, जूना कुमारी, रूबी कुमारी, अंचला कुमारी, प्रिया, सोनी कुमारी, रवीना, निक्की कुमारी, अंजू, मोहम्मद जावेद, मो. फखरे आलम, मोहम्मद आलम, श्रवण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सौम्या कुमारी, निकिता कुमारी, ओम प्रकाश, रुपेश, अमरेंद्र, राजेश कुमार रमन, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार दिवाकर के अलावा बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ लिया। अंत में कुमारी सरोज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मौसमी फलों व शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ी

जमुई/गिद्धौरः प्रखंड में मौसम का मिजाज बदलते रह रहा है।रविवार सुबह 9 बजे के बाद चिलचिलाती धूप और गर्मी लोगों पर कहर ढाने लगी।लोग तल्ख धूप के चलते घरों से बाहर निकलने में हिचकिचाहट महसूस किए। बच्चों से लेकर बड़ों तक का गर्मी से बुरा हाल रहा।मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार,अभी गर्मी से लोगों को निजात नहीं मिलने जा रही है।उधर,गर्मी में दिहाड़ी मजदूरों का तो और भी बुरा हाल है। गर्मी का असर बाजारों पर भी पड़ रहा है।दिन के 11 बजे के बाद बाजार में चहल-पहल भी काफी कम हो जा रही है। गर्मी से निजात के लिए शहर में जगह-जगह सत्तू ठंडई व लस्सी की दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ जुट रही है। लोग सत्तू,ठंडई व शीतल पेय से गला तर कर रहे हैं।इससे थोड़ी देर के लिए लोगों को राहत मिल जा रहा है।पारा बढ़ते ही प्रखंड के विभिन्न चौराहा पर मौसमी फलों शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है।सामान्य तौर पर ईख व आम का जूस,सत्तू, तरबूज,नींबू,पानी विभिन्न ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक आदि की दुकानों पर बच्चे,महिलाएं व युवक-युवतियां की पहुंच दिख रही है। भीषण गर्मी में गिद्धौर बाजार आने वाले लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए सत्तू वह लस्सी आदि का सहारा ले रहे हैं।शीतल जल व कोल्ड ड्रिंक की भी बिक्री बढ़ गई है।

# नाबालिग के साथ अपहरण एवं दुष्कर्म मामले को लेकर पुलिस सक्रिय

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के टाउन थाना अंतर्गत एक महिला द्वारा अपनी नाबालिग बेटी कौशाम्बी (काल्पनिक नाम) के साथ अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपों में 05 मई को प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। महिला अनुसंधानक द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई के तहत पीड़िता का मेडिकल जाँच एवं धारा-164/सीआरपीसी के तहत माननीय न्यायालय में बयान दर्ज कराया गया है।

पुलिस की एक विशेष टीम द्वारा इस कांड में आरोपित अभियुक्त की तलाश में सघन छापेमारी की जा रही है। पुलिस द्वारा इस घटना से जुड़े स्थानों के सीसीटीवी फुटेज का भी सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। साथ ही, पुलिस तकनीकी डेटा और टॉवर लोकेशन के आधार पर इस कांड में अग्रेतर अनुसंधान कर रही है। जमुई पुलिस सभी नागरिकों से अपराध की रोकथाम एवं विधि-व्यवस्था संधारण में सूचना और सहयोग की अपील करती है।

# ग्रीन फाइनेंस इंडिया कंपनी के महिला कर्मी को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप बेखौफ अपराधियों ने एक ग्रीन इंडिया फाइनेंस कंपनी के महिला कर्मी को गोली मार दी, गंभीर हालत में पीड़िता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तत्काल इलाज चल रहा है। वहीं मामले की तफ्तीश में पुलिस जुट गई है और अपराधी की तलाश कर रहे हैं। बता दें कि आए दिन लगातार मधेपुरा में इस तरह कि घटना को अपराधी अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन सिर्फ व सिर्फ अनुसंधान का हवाला देते रहते हैं। लेकिन अपराधिक वारदात पर कोई अंकुश नही लग रहा है। ताजा मामला मधेपुरा के एक ग्रीन इंडिया फाइनेंस कंपनी में कार्यरत महिला कर्मी की है जिसे शनिवार देर शाम एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने गोली मार कर फरार हो गए। दरअसल घटना जिला मुख्यालय स्थित सदर प्रखंड कार्यालय के समीप की है। जख्मी महिला की पहचान गम्हरिया थाना क्षेत्र के जीवछपुर निवासी विकास कुमार की पत्नी नेहा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला मधेपुरा के राजपुर स्थित ग्रीन फील्ड माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करती थी और सदर प्रखंड कार्यालय के पीछे वाले मुहल्ले में किराये के मकान में रहती थी। शनिवार देर शाम जैसे ही महिला बाजार से घर लौट रही थी कि घर से कुछ हीं दूरी पर बाइक पर सवार अज्ञात अपराधियों ने पीछे से उस पर गोली मारकर भाग फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनते हीं आसपास के लोग वहाँ पहुँचे और पुलिस को घटना की सूचना दी, स्थानीय लोगों की सहयोग से जख्मी महिला को जन नायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है, जहाँ उसकी स्थिति बिगड़ती देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि गोली महिला की गर्दन के पीछे लगी है जो गोली उसके कान के नीचे फंसी हुई है। वही घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना अध्यक्ष विमलेंदु कुमार और एएसपी प्रवेंद्र भारती मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुँचे, और मामले की तफ्तीश में जुट गए। इस मामले को लेकर एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने महिला को गोली मारकर जख्मी कर दिया है। बहरहाल महिला की ईलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करवाया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है साथ हीं अपराधी की धर पकड़ हेतु छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रो. एस. आर. भट्ट के सम्मान में मंगलवार को आयोजित की जाएगी श्रद्धांजलि सभा



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा सुप्रसिद्ध दार्शनिक एवं संस्कृतिविद् प्रोफेसर एस. आर. भट्ट के सम्मान में स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में 21 मई (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11 : 30 बजे से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि सभा की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। डॉ. शेखर ने बताया कि प्रो. भट्ट का शनिवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष तथा यूजीसी विशेष सहायता कार्यक्रम के समन्वयक और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली के अध्यक्ष रहे थे।

# मानवता ही सबसे बड़ा धर्म, मानव की सेवा ही सच्चा कर्म:मुखिया

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के इटहरी पंचायत के मुखिया राजेश कुमार रोशन ने रक्तदान करके पंचायत के तमाम मतदाताओं का दिल जीता। वही इस दौरान मुखिया राजेश कुमार रोशन ने बताया कि कुछ दिन पहले खापुर पंचायत निवासी चंद्रशेखर शर्मा का साला का सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था जो काफी घायल था उनको ब्लड की आवश्यकता पड़ी इसकी जानकारी मुखिया राजेश कुमार रोशन को मिला उन्होंने बोला रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। हम रक्तदान करेंगे जिससे कि उसकी जान बच जाए। उन्होंने 6 यूनिट ब्लड देकर प्रखंड वासियों का दिल जीता।

# स्कूलों में होगी रात्रि प्रहरी की नियुक्ति, चोरी पर लगेगा अंकुश

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में पर्याप्त बेंच डेक्स की आपूर्ति,बल्ब,पंखों की व्यवस्था, पेयजल हेतु सबमर्सिबल,एमडीएम हेतु थालियां,बर्तन,प्रीफैब कक्षा का निर्माण,आईसीटी लैब,स्मार्ट क्लास के तहत टीवी, बू मॉडल के तहत कंप्यूटर की व्यवस्था की गई है। इन विद्यालयों में सृजीत/व्यवस्थित की गई परिसंपत्तियों की विद्यालय संचालन अवधि में प्रयोग एवं देखभाल तो हो जाता है,परंतु रात्रि में इसकी सुरक्षा का कारगर व्यवस्था नहीं है। कुछ विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा की गई है रात्रि प्रहरी की व्यवस्था कुछ माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था पूर्व से चली आ रही है। इन रात्रि प्रहरी को अंशकालिक तौर पर स्थानीय प्रधानाध्यापक/विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा रखा गया है एवं प्रति माह इन्हें 5000 हजार रुपए की दर से मानदेय देय होता है। इसके अतिरिक्त कई माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब का अधिष्ठापन किया गया है। जिसमें रात्रि प्रहरी की व्यवस्था उसी एजेंसी के माध्यम से की गई है,जिसके द्वारा कंप्यूटर लगाया गया है।इसके तहत यदि कोई कंप्यूटर चोरी होता है, तो उक्त एजेंसी का यह जिम्मा है कि वह चोरी हुए कंप्यूटर को अपने खर्चे पर पुनःअधिष्ठापित करें विद्यालय में चोरी होने पर एजेंसी की होगी जिम्मेदारी सफाई कर्मी की भी नियुक्ति रात्रि प्रहरी के रूप में की जा सकेगी। एमडीएम योजना अंतर्गत विद्यालयों में कार्यरत पुरुष रसोईया को भी अंशकालिक रात्रि प्रहरी के रूप में रखने की अनुमति प्रदान की गई है। रात्रि प्रहरी के सेवा के दौरान विद्यालय में यदि किसी भी प्रकार की चोरी अथवा सुरक्षा में चूक होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी संबंधित एजेंसी के मासिक बिल से चोरी हुए सामान के समतुल्य मूल्य की कटौती की जाएगी और कटौती की गई राशि से चोरी हुई सामान की प्रतिपूर्ति की जाएगी। मध्य विद्यालयों में नहीं है रात्रि प्रहरी की व्यवस्था वर्तमान में मध्य विद्यालयों में रात्रि प्रहरी की कोई व्यवस्था नहीं है। केवल उन्हीं मध्य विद्यालयों में रात्रि प्रहरी एजेंसी दोबारा रखा गया है जहां पर आईसीटी लैब की स्थापना की गई है।

**सम्पादकीय**

## घोर निंदनीय घटना

स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर की गई कथित मारपीट आप राजनीति की हिंसक कार्यशैली का एक घोर निंदनीय घटना है। यह भरोसा करना मुश्किल हो रहा है कि दिल्ली का बेटाइ कहे जाने वाले अरविंद केजरीवाल के रहते उनका निजी सचिव विभव कुमार महिला सांसद की बुरी तरह से धुनाई करेगा। स्वाति ने लिखित शिकायत में कहा है कि विभव ने थप्पड़ों, लात-घूसों से, उनके चेहरे, पेट एवं निजी अंगों पर अंधाधुंध प्रहार किया है। दिल्ली पुलिस ने इस राज्य सभा सांसद के आवास पर जाकर उनके लिये बयान के बाद विभव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। सभ्य-सम्मानजनक एवं न्यायपूर्ण व्यवहार का भरोसा पहले दिल्ली और अब पूरे देश को देने वाला परिसर एक शातिर आखेटस्थल के रूप में सामने आया है। स्वाति ठीक से चल नहीं पा रही हैं एक वीडियो में यह दिखा है। आप की ही एक नेता इसे नौटंकी बता रही हैं। वे घटना के तुरंत बाद थाना जाने के आपातकालीन उत्साह के जैविक स्रोत में और हादसे के बाद उभरने वाली पीड़ा से उत्पन्न असहायता में जानबूझकर फर्क नहीं कर पा रही हैं। यह प्रतिक्रिया आप की कार्यसंस्कृति की भी झलक देती है। खुद मुख्यमंत्री ने इस पर अफसोस जाहिर नहीं किया है और न उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने। जो पति की विरासत सम्हालने की कतार में दूसरे नम्बर पर हैं; एक महिला होने के नाते भी स्वाति से हमदर्दी जता सकती थीं। यहां तक कि सांसद संजय सिंह ने जो मालीवाल से बातचीत करें न्याय का भरोसा दिलाया था, वे खुद विभव के साथ देखे गए। खुद मुख्यमंत्री भी। हालांकि स्वाति ने इस घटना की वजह नहीं बताई है पर यह लगता है कि जो कुछ और जैसे हुआ है, उसमें मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी सहित उच्चस्तरीय सहमतियां हैं। एक अनुमान अंतरिम जमानत दिलाने वाले वकील को स्वाति से सांसदी छीन कर उन्हें सौंप देने का है। मुख्यमंत्री के जेल जाने के पहले और बाद में स्वाति की बगैर अनुमति की अनुपस्थिति नेतृत्व की खीझ व नाराजगी भी एक अनुमान है। तीसरा अनुमान राज्य सभा में कुछ आप सांसदों के तटस्थ बर्ताव से नेतृत्व के नाखुश होने का है, लेकिन इसे व्यक्त करने का और भी कई बेहतर तरीका हो सकता था। इसके परिणामों को किन्हीं राजनीतिक बाध्यताओं से न प्रभावित होने दिया जाए और न किन्हीं पूर्वाग्रहों से उसकी बेलाग निष्पक्षता को। कानून अपना काम करे।

## देखना कहीं लू न लग जाए लोकतंत्र को

राकेश अचल

आज मै अपनी बात कविराज सेनापति से करना चाहता हूँ। सेनापति ऋतु वर्णन के अद्भुत चितेरे रहे। आजकल देश के अधिकांश हिस्सों में जिस तरह गर्मी का प्रकोप है,उसे अनुभव करते हुए मुझे सेनापति बार-बार याद आते हैं। वे लिखते हैं -

बृष को तरनि तेज, सहसौ किरन करि,
ज्वालन के जाल बिकराल बरसत हैं।
तपति धरनि, जग जरत झरनि, सीरी
छाँह कौं पकरि, पंथी-पंछी बिरमत हैं॥
सेनापति नैक, दुपहरी के ढरत, होत
घमका बिषम, ज्यौं न पात खरकत हैं।
मेरे जान पौनों, सीरी ठौर कौं पकरि कौनौं,
घरी एक बैठि, कहूँ घामै बितवत हैं।

कभी-कभी मुझे लगता है कि आज की गर्मी की तरह आज की राजनीति पर मै भी सेनापति की तरह कुछ खास लिख पाता। लेकिन कहते हैं न ये मुंह और मसूर की दाल? मै लोकतंत्र के नाम पर आजकल देश में बरस रही आग का वर्णन आखिर कैसे कर सकता हूँ? यहां तो पल-पल मौसम बदलता है। मौसम और हिन्दुस्तानी नेताओं के बीच एक तरह की होड़ लगी हुई है बदलने को लेकर। इस बदलाव में सबसे आगे हमारे आदिगुरु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी हैं।

आप कहेंगे कि आपका काम आजकल बिना मोदी जी के चलता ही नहीं, ! हकीकत है कि मोदी आजकल सर्वत्र व्याप्त हैं हरि व्यापक सर्वत्र समाना की तरह। गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में कहा है कि

-हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥
देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥ अर्थात मैं तो यह जानता हूँ कि भगवान सब जगह समान रूप से व्यापक हैं, प्रेम से वे प्रकट हो जाते हैं, देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ प्रभु न हों। आज के युग में मुझे भी यही लगता है कि मोदी जी सर्वत्र व्यापक है। वे केवल प्रेम से ही नहीं आपके सामने क्षोभ से,घृणा से,क्रोध से प्रकट हो सकते है। आप देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ माननीय मोदी जी न हों?

राजनीति में,लोकतांत्र में तंत्रों में,यंत्रों में,मंत्रों में सब कह हैं मोदी जी। ऐसी व्यापकता किसी और नेता की शायद नहीं है। राहुल गांधी या दूसरे नेता आजकल इस मामले में नंबर दो पर ही है। और ये सब कमाल किसका है,आप सभी जानते हैं।

दो दिन पहले माननीय मोदी जी जब बनारस में गंगाविहार के दौरान क्रूज पर हमारे पत्रकार मित्रों को साक्षात्कार दे रहे थे,तब मै उन्हें सुनकर भाव विभोर हो गया था। वे कह रहे थे कि -यदि मै हिन्दू-मुसलमान करूँ तो मुझे पातकी कहिये मै माननीय की बातों पर आँखें बंद कर देश की जनता की तरह भरोसा करता आया हूँ,लेकिन हमेशा कि तरह मोदी जी ने दिल्ली पहुँचते ही फिर से मेरा और देश का दिल तोड़ दिया। उन्होंने पांचवें चरण के मतदान से पहले एक बार फिर हिन्दू-मुसलमान किया। मंगलसूत्र,विरसे और आरक्षण कि डकैती की बातें कर डालीं। अर्थात उनका काम हिन्दू -मुसलमान और उन हौवों के बिना नहीं चला जो वे पिछले एक महीने से अपने साथ लेकर तमाम रैलियों में उपस्थित होते हैं।

मुमकिन है कि मै गलत होऊं लेकिन लगता है कि मोदी जी अपने हौवों के जरिये इस देश के लोकतंत्र को लू लगाकर मानेंगे। वे तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए इतने व्याकुल हैं कि पूछिए मत ! आप पूछिए भी तो, आपको सच बताएगा कौन? किसी को मोदी के मन की बात पता नहीं है। खुद मोदी जी को भी नहीं। वे कांग्रेस को मिटाने के लिए भाजपा और संघ के साथ-साथ देश कि तमाम रिवायतों को मिटा देना चाहते हैं। हिन्दुओं को लेकर वे उतने ही संवेदनशील हो गए हैं जितना किसी जमाने में मुसलमानों को लेकर मोहम्मद जिन्ना हुआ करते थे। जिन्ना साहब आखिरकार मुसलमानों के लिए पाकिस्तान लेकर ही माने। और मुझे लगता है कि अब मोदी जी भी हिन्दुओं के लिए हिंदुस्तान से हिन्दू द्वीप लेकर ही मानेंगे। वे तब तक सत्ता को टा-टा,वाय-वाय नहीं कहेंगे जब तक कि उन्हें हिन्दू द्वीप मिल नहीं जाता। वे ऐसा देश चाहते हैं जहां हिन्दुओं के अलावा अव्वल तो कोई दूसरा हो ही नहीं और हो भी तो हमेशा हिन्दुओं के सामने साष्टांग मुद्रा में खड़ा दिखाई दे।

भविष्य के गर्त में क्या है,ये कोई नहीं जानता। महात्मा गाँधी भी नहीं जानते थे। उन्होंने भी अपना जीवन उस देश के लिए न्यौछावर किया जिसमें हिन्दू-मुसलमान,सिख और ईसाई ही नहीं बल्कि तमाम लोग शामिल थे और हैं। गांधी के बाद हिंदुस्तान को हिंदुस्तान बनाये रखने के लिए शहादतों का सिलसिला थमा नहीं। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि खालिस हिन्दू द्वीप चाहने वालों में से किसी ने कोई शहादत अब तक दी नहीं। शहादत देना और शहादत का अपमान करना दो अलग-अलग चीजें हैं। इसे समझना आसान नहीं है। देश को आज शहादत की नहीं मोहब्बत की जरूरत है। किस कश्ती को हमारे पुरखे तूफान से बचाकर निकाल लाये थे उसे सम्हालकर रखने की जरूरत है। किन्तु हो उलटा रहा है। हम देश कि किश्ती को एक बार फिर हिन्दू -मुसलमान कर एक नए तूफान में फंसता देख रहे हैं।

अठरहवीं लोकसभा के लिए चलकर रहे मतदान के शेष तीन चरणों में आप अपने विवेक से सही फैसला कर इस कश्ती को तूफान में घिरने से बचा सकते हैं। नेताओं के श्रीमुख से निकलती आग से बचा सकते हैं। आप यदि चूके तो लोकतंत्र को लू लगना तय है। और हम सब लू लगा लोकतंत्र नहीं एक स्वस्थ्य लोकतंत्र चाहते हैं,एक ऐसा लोकतंत्र जिसमें राजनीति झूठ की बैशाखियों पर न टिकी हो। अदावत जिसकी रगों में न बहती हो। तय आपको करना है क्योंकि ये देश हमारा भी है और आपका भी।

# क्या मुसलमानों की आबादी हिन्दुओं के लिए खतरा है?

इस चुनाव में उनका पूरा नैरेटिव इस झूठ के आसपास बुना गया है कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह सारी सुविधाएं और लाभ केवल मुसलमानों को देगा। हर चीज पर मुसलमानों का पहला हक होगा और संविधान में इस तरह के बदलाव किये जाएंगे जिससे हिन्दू इस देश के दूसरे दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। मोदीजी हमें जॉर्ज ऑरवेल के उपन्यास नाइनटीन एट्टी-फोर की याद दिलाता है, जिसमें सच को सिर के बल खड़ा कर दिया जाता है। हिन्दुओं में यह डर पैदा किया जा रहा है कि देश में मुसलमान सारे विशेषाधिकार हासिल कर लेंगे। हाल में प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद ने इसी प्रचार अभियान के अंतर्गत एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें यह बताया गया है कि 1950 से लेकर 2015 के बीच हिन्दुओं की आबादी में करीब 8 प्रतिशत की कमी आई, वहीं मुसलमानों की आबादी में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, 1950 में हिन्दू, कुल आबादी का 84 प्रतिशत थे, जो 2015 में घट कर 78 प्रतिशत रह गए। इसी अवधि में, मुसलमानों, ईसाईयों, बौद्धों और सिक्खों की आबादी में बढ़ोत्तरी हुई जबकि जैनियों और पारसियों का प्रतिशत घटा। प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद क्या है? इसका गठन 2017 में हुआ था और इसका काम है आर्थिक मसलों पर शोध कर प्रधानमंत्री को सलाह देना। इसके शोध का एक नमूना कुछ साल पहले सामने आया था जब उसके मुखिया बिबेक डेबरॉय ने परिषद् के एक अध्ययन का हवाला देते हुए बतया था कि लिखित संविधानों की औसत उम्र केवल 17 साल होती है। उन्होंने भारत के वर्तमान संविधान को औपनिवेशिक विरासत बताते हुए कहा था कि भारत का वर्तमान संविधान मुख्यतः गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 पर आधारित है और इस अर्थ में वह भी एक औपनिवेशिक विरासत है।





**राम पुनियानी**
**स्वतंत्र लेखन**

चुनावी मौसम जैसे-जैसे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे समाज को बांटने वाला प्रचार भी अपने चरम पर पहुँच रहा है। भाजपा के मुख्य प्रचारक स्वयं प्रधानमंत्री मोदी है। इस चुनाव में उनका पूरा नैरेटिव इस झूठ के आसपास बुना गया है कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह सारी सुविधाएं और लाभ केवल मुसलमानों को देगा। हर चीज पर मुसलमानों का पहला हक होगा और संविधान में इस तरह के बदलाव किये जाएंगे जिससे हिन्दू इस देश के दूसरे दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। मोदीजी हमें जॉर्ज ऑरवेल के उपन्यास नाइनटीन एट्टी-फोर की याद दिलाता है, जिसमें सच को सिर के बल खड़ा कर दिया जाता है। हिन्दुओं में यह डर पैदा किया जा रहा है कि देश में मुसलमान सारे विशेषाधिकार हासिल कर लेंगे। हाल में प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद ने इसी प्रचार अभियान के अंतर्गत एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें यह बताया गया है कि 1950 से लेकर 2015 के बीच हिन्दुओं की आबादी में करीब 8 प्रतिशत की कमी आई, वहीं मुसलमानों की आबादी में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, 1950 में हिन्दू, कुल आबादी का 84 प्रतिशत थे, जो 2015 में घट कर 78 प्रतिशत रह गए। इसी अवधि में, मुसलमानों, ईसाईयों, बौद्धों और सिक्खों की आबादी में बढ़ोत्तरी हुई जबकि जैनियों और पारसियों का प्रतिशत घटा। प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद क्या है? इसका गठन 2017 में हुआ था और इसका काम है आर्थिक मसलों पर शोध कर प्रधानमंत्री को सलाह देना। इसके शोध का एक नमूना कुछ साल पहले सामने आया था जब उसके मुखिया बिबेक डेबरॉय ने परिषद् के एक अध्ययन का हवाला देते हुए बतया था कि लिखित संविधानों की औसत उम्र केवल 17 साल होती है। उन्होंने भारत के वर्तमान संविधान को औपनिवेशिक विरासत बताते हुए कहा था कि भारत का वर्तमान संविधान मुख्यतः गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 पर आधारित है और इस अर्थ में वह भी एक औपनिवेशिक विरासत है। और अब चुनाव के अधबीच यह विचित्र अध्ययन जारी किया गया है। यह मुसलमानों के खिलाफ दुष्प्रचार को बढ़ावा देने वाला है और हिन्दू खतरे में हैं के नारे को भी, जो पिछले कई दशकों से बुलंद किया जा रहा है। जिन तीन शोधकताओं ने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, उन्होंने आंकड़ों के विश्लेषण के सभी मानकों का उल्लंघन किया है। पहली बात तो यह कि जनसांख्यिकीय अध्ययन, जनगणना पर आधारित होते हैं। मगर यह अध्ययन एक संस्था एसोसिएशन ऑफ रिलीजियस डाटा आर्काइव (एआरडीए) द्वारा 23 लाख लोगों के सर्वेक्षण पर आधारित है। तेईस लाख हमारी कुल आबादी का बहुत छोटा सा हिस्सा है। जनगणना के आंकडें आधिक विश्वसनीय और समग्र होते हैं और आबादी में वृद्धि के विभिन्न पहलुओं को सामने लाते हैं। यह तो सत्ताधारी दल को ही पता है कि सन 2021 की जनगणना क्यों नहीं की गई। इन शोधकताओं ने एक अनजान संस्था के सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया है, कही अधिक विश्वसनीय जनगणना के आंकड़ों का नहीं। फिर, यह अध्ययन 1950 के आंकड़ों की तुलना 2015 के आंकड़ों से करता है, जो अपने-आप में मनमाना है। मीडिया और सांप्रदायिक संगठन इस अध्ययन का इस्तेमाल समाज को बांटने वाले प्रचार को और मजबूती देने के लिए कर रहे हैं। यह अध्ययन इस सामान्य सामाजिक समझ को बढ़ावा देता है कि मुसलमान ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। इस दुष्प्रचार को हवा देने में हमारे प्रधानमन्त्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने दंगे पीड़ित मुसलमानों के शरणार्थी शिविरों को बच्चे पैदा वाले कारखाने बताया था। उन्होंने इन शिविरों को बंद कर दिया था। अब वे जोर-जोर से कह रहे हैं कि कांग्रेस हिन्दुओं से मंगलसूत्र और भैंसे छीन लेगी और उन्हें उन लोगों को दे देगी जो ज्यादा बच्चे पैदा करते है।

सच क्या है? कौनसा समुदाय कितने बच्चे पैदा करता है, इसे मापने का सबसे अच्छा तरीका है टोटल फर्टिलिटी रेट या टीएफआर जिसे हिंदी में कुल प्रजनन दर कहते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार लगभग सभी समुदायों में कुल प्रजनन दर घट रही है। सन 1992-93 में यह हिन्दुओं के मामले में 3.3 और मुसलामानों के मामले में 4.41 थी। 2019-2021 में यह हिन्दुओं के मामले में 1.94 और मुसलमानों के मामले में 2.36 थी। इस प्रकार, इस अवधि में हिन्दुओं की प्रजनन दर में 41.22 प्रतिशत की कमी आई और मुसलमानों की प्रजनन दर में 46.49 प्रतिशत की। साफ तौर पर, हिन्दुओं की तुलना में मुसलमानों की प्रजनन दर में अधिक गिरावट आई है। इससे यह पता चलता है कि अगर मुसलमानों की प्रजनन दर में गिरावट जारी रही तो वह जल्दी की हिन्दुओं की प्रजनन दर के करीब हो जाएगी। एक मुद्दा यह भी है कि क्या प्रजनन दर का संबंध धर्म से है या अन्य कारक उसे प्रभावित करते हैं। सांप्रदायिक राष्ट्रवादी दिन-रात यह कहते रहते हैं कि मुसलमान जानबूझकर अपनी आबादी बढ़ा रहे हैं ताकि वे भारत में बहुसंख्यक बन जाएँ और देश को गजवा-ए-हिंद घोषित कर सकें। यह एक बहुत बड़ा झूठ है कि अगर हमारी आबादी इसी तरह बढ़ती रही तो हिन्दू देश में अल्पसंख्यक बन जाएंगे। पहली बात तो यह है कि किसी परिवार में कितने बच्चे होंगे, यह मुख्यतः दो कारकों से निर्धारित होता है। पहला है परिवार की गरीबी का स्तर और दूसरा, सम्बंधित समुदाय, और विशेषकर उसकी महिलाओं, का शिक्षा का स्तर। अगर हम केरल, कश्मीर और कर्नाटक में मुस्लिम महिलाओं के टीएफआर की तुलना बिहार, राजस्थान और मध्यप्रदेश की हिन्दू महिलाओं के टीएफआर से करें तो यह साफ हो जायेगा कि हिन्दुओं का टीएफआर, मुसलमानों से अधिक है।

शाश्वता घोष द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार, जनगणना 2011 एवं जनगणना 2001 में हिन्दुओं और मुसलमानों के राज्य-स्तर पर प्रजनन दर में अंतर से यह स्पष्ट हो जाता है कि हिन्दुओं और मुसलमानों की प्रजनन दरें एक-दूसरे के नजदीक आ रही हैं। हाँ, इसमें क्षेत्रीय विभिन्नताएं हैं क्योंकि विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के धार्मिक समुदाय सोच में बदलाव के अलग-अलग स्तरों पर हैं। एसवाई कुरैशी की पुस्तक द पापुलेशन मिथः इस्लाम, फैमिली प्लानिंग एंड पॉलिटिक्स इन इंडिया इस मसले पर प्रकाश डालती है। पुस्तक के अनुसार, भारत के 29 में से 24 राज्यों में टीएफआर 2.179 के नजदीक आ रही है। अगर यह 2.1 पर आ जाए तो आबादी स्थिर हो जाएगी। यह अनुमान है कि मुस्लिम आबादी, जो 2011 की जनगणना के अनुसार, कुल जनसँख्या का 14.2 प्रतिशत है, सन 2050 तक कुल जनसँख्या का 18.5 प्रतिशत हो जाएगी और फिर वहीं स्थिर रहेगी। मुसलमानों की आबादी की दशकीय वृद्धि दर में भी लगातार गिरावट आ रही है। इन विश्वनीय अध्ययनों के बाद भी, सांप्रदायिक तत्व वही राग अलाप रहे हैं। मुसलमानों का एक प्रतिनिधिमंडल आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत से मिला था। इसमें एसवाई कुरैशी भी शामिल थे।

# गुलदस्त-ए-हिन्द में फलती फूलती विष बेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सहयोगी नेताओं ने गोदी मीडिया की जुगलबंदी से इस बार चुनाव प्रचार में जितना जहर घोलने व झूठ पर झूठ बोलने का कीर्तिमान स्थापित करने की कोशिश की गयी वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने वैसे तो पिछले दस वर्षों से अपनी सत्ता की पूरी ताकत इसी में लगा रखी है कि किस तरह अपने विरोधियों को टुकड़े टुकड़े गैंग का नाम दिया जाये,उन्हें पाकिस्तानी बताया जाये,देश विरोधी व सेना विरोधी बताया जाये,भ्रष्ट व निकम्मा बताया जाये,मुस्लिम परस्त व तुष्टीकरण का पैरोकार साबित किया जाये,पिछले सभी शासन व पूर्व प्रधानमंत्रियों को निकम्मा बताया जाये। और साथ ही स्वयं को दैवीय शक्ति का स्वामी होने के साथ अवतरित होने वाला एक ऐसा महापुरुष जिसे पहले तो गंगा ने केवल बुलाया था परन्तु अब तो गोद भी ले लिया है। चुनावी बेला में सत्ता पर कब्जा बरकरार रखने के लिये और अपने विरोधियों को नीचा दिखाने व बदनाम करने के लिये प्रधानमंत्री स्तर पर जिस तरह के जहरीले बोल इन दिनों बोले जा रहे हैं ऐसी बातों की कभी कल्पना भी नहीं की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर सभाओं में फिर कहा है कि –कांग्रेस व समाजवादी पार्टी अगर सत्ता में आई तो यह लोग रामलला को टेंट में भेज कर मंदिर में बुल्डोजर चलवा देंगे। कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की तैयारी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि इनके लिए तो उनका परिवार और पावर यही उनका खेल है।





**तनवीर जाफरी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व यानी लोकसभा का आम चुनाव अपने समापन की ओर अग्रसर है। देश के चुनावी इतिहास में 2024 का चुनाव हमेशा याद रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सहयोगी नेताओं ने गोदी मीडिया की जुगलबंदी से इस बार चुनाव प्रचार में जितना जहर घोलने व झूठ पर झूठ बोलने का कीर्तिमान स्थापित करने की कोशिश की गयी वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने वैसे तो पिछले दस वर्षों से अपनी सत्ता की पूरी ताकत इसी में लगा रखी है कि किस तरह अपने विरोधियों को टुकड़े टुकड़े गैंग का नाम दिया जाये,उन्हें पाकिस्तानी बताया जाये,देश विरोधी व सेना विरोधी बताया जाये,भ्रष्ट व निकम्मा बताया जाये,मुस्लिम परस्त व तुष्टीकरण का पैरोकार साबित किया जाये,पिछले सभी शासन व पूर्व प्रधानमंत्रियों को निकम्मा बताया जाये। और साथ ही स्वयं को दैवीय शक्ति का स्वामी होने के साथ अवतरित होने वाला एक ऐसा महापुरुष जिसे पहले तो गंगा ने केवल बुलाया था परन्तु अब तो गोद भी ले लिया है। चुनावी बेला में सत्ता पर कब्जा बरकरार रखने के लिये और अपने विरोधियों को नीचा दिखाने व बदनाम करने के लिये प्रधानमंत्री स्तर पर जिस तरह के जहरीले बोल इन दिनों बोले जा रहे हैं ऐसी बातों की कभी कल्पना भी नहीं की गयी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर सभाओं में फिर कहा है कि -कांग्रेस व समाजवादी पार्टी अगर सत्ता में आई तो यह लोग रामलला को टेंट में भेज कर मंदिर में बुल्डोजर चलवा देंगे। कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की तैयारी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि इनके लिए तो उनका परिवार और पावर यही उनका खेल है। सपा, कांग्रेस की राम से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। प्रधानमंत्री मोदी के उपरोक्त आरोपों से दो अहम सवाल सिर्फ मोदी से ही पूछे जाने चाहिये। एक तो यह कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की इस सूचना का आखिर क्या स्रोत है कि -सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे? यदि कोई स्रोत नहीं तो यह सफेद झूठ और लफ़्फ़ाजी सिर्फ साम्प्रदायिक आधार पर मतों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास नहीं तो और क्या है? और उन्हीं के आरोपों से जुड़ा दूसरा सवाल यह कि जब सपा व कांग्रेस को उनके अनुसार राम से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया और अब मोदी के अनुसार इस पर बुलडोजर भी चलवा देंगे? फिर आखिर ऐसे ह्यराम विरोधियों को निमंत्रण भिजवाया ही क्यों गया? क्या सिर्फ इसलिये नहीं कि उन्हें अंदाजा था कि वे राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा को राजनैतिक रंग में रंगने के इस भाजपा व संघ के आयोजन को अस्वीकार करेंगे और तब इन्हें यह मौका मिलेगा जो आज कहते फिर रहे हैं? मोदी जी रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को लेकर उन चारों शंकराचार्यों पर क्यों नहीं बोलते जिन्होंने उनका निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और इस आयोजन को भी विधि विधान के विरुद्ध बताया? आज भी एक शंकराचार्य वे डंके की चोट पर कह रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा पुनः की जायेगी,मंदिर निर्माण अभी केवल 30 प्रतिशत हुआ है और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूरी तरह अनैतिक व अवैधानिक है। परन्तु शंकराचार्य की इन बातों का कोई जवाब नहीं देता जो खुद 22 जनवरी के इस आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बताते रहे हैं? पिछले दिनों इसी नफरती बयानबाजियों की एक और बानगी उत्तर पूर्वी दिल्ली के थाना उस्मानपुर इलाके के करतार नगर में तब देखने को मिली जब दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार को उन्हें माला पहनाने के बहाने से उनके करीब पहुंचे दो लोगों ने उनपर पहले स्याही फेंकी फिर अचानक थप्पड़ों से हमला भी कर दिया। इसी बीच आम आदमी पार्टी की महिला निगम पार्षद के साथ भी हाथापाई की गई। निगम पार्षद का आरोप है कि उनके साथ छेड़छाड़ भी की गई है। इस दौरान चार लोगों को चोट भी आई है। बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार व महिला पार्षद से मारपीट करने वाले लोग गोरक्षा दल से जुड़े हुए हैं। घटना की वीडियो में हमलावर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि -भारत के टुकड़े-टुकड़े का नारा लगाने वालों का वह यही हाल करेंगे। देश का अपमान वह किसी कीमत पर नहीं सहेंगे। यहां भी सवाल यह है कि टुकड़े तिकडे गैंग की अवधारणा किसने बनाई व प्रचारित की? जिस कन्हैया कुमार के पूर्वजों का जन्म भारत में ही हुआ हो,जिसकी मां ने आंगनवाड़ी में काम कर अपने बच्चों की परवरिश की हो,जिसका भाई फौजी और बाप किसान हो उस पर सिर्फ इसलिये टुकड़े टुकड़े गैंग का लेबल लगा दिया जाये क्योंकि वह वैचारिक रूप से सत्ता का मुखर विरोधी है? इतना ही नहीं बल्कि उस पूरे जे एन यू को ही बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जाये जिसमें पढ़े अनेक नेता आज मंत्री सांसद व सचिव स्तर के अधिकारी हैं? और यह आरोप भी उनके द्वारा लगाए जाएँ जो खुद या तो अनपढ़ हैं या फर्जी डिग्रियां रखते हैं? यह आरोप उनके द्वारा लगाए जाएं जिनके पारिवारिक व राजनैतिक वंशजों का देश के लिये बलिदान देने का कोई इतिहास नहीं है? यह आरोप उनके द्वारा लगाये जायें जो खुद समाज को धर्म जाति क्षेत्र व भाषा के नाम पर लड़वाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाह रहे हों और देश को हिंसा व नफरत की आग में झोंकने के लिये प्रयासरत हों?

# असंगठित क्षेत्र में आधी आबादी की बड़ी हिस्सेदारी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागड़ोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दो राय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर है। बहुत बड़े वर्ग की रोजी रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। हांलाकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रुप दिया जाता रहा है। खैर बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबलें महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करे तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। दरअसल बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही थी और कर रही है। भले ही व्हाईट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है। भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में है तो आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक है। दरअसल देखा जाएं तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल स्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ साफ यह हुआ कि खेती किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली कुचें में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली मोहल्ले में घूमने वाले वेण्डर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 20 मई, 2024



# महागठबंधन को सहयोग करें सम्मान सहित विकास का हर संभव प्रयास करूंगा : तेजस्वी

## केंद्र में इंडिया की सरकार बनते ही एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा

● पिछले दस साल से जनता को व बिहारवासी को लगातार गुमराह करने वालों को बदलें



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनते ही राहुल गांधी द्वारा एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी दी जाएगी और हर रक्षाबंधन के दिन बहनों को एक लाख रुपया उनके खाते में भेजा जाएगा। साथ ही प्रति परिवार 2 सौ यूनिट फ्री बिजली और गैस सिलिंडर 5 सौ रुपया कर दिया जाएगा। उक्त बातें रविवार को लौरिया के साहुजैन स्टेडियम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने लोकसभा के राजद प्रत्याशी दीपक यादव को भारी बहुमत से चुनाव जीताने की अपील भीड़ से की। तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार पर बिना टीका टिप्पणी किए नरमी बरतते हुए कहा कि चाचा नीतीश कुमार को बीजेपी वाले हाईजैक कर लिये है। मुझे पता है कि चाचा का शरीर वहां है और दिल उनका यहां है।श्री यादव ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम, सीएम, मंत्री और कई वरीय नेता एक तेजस्वी के हेलीकॉप्टर को रोकने के साथ एक दिन 20 हेलीकाप्टर का सहारा लेकर घेरने का काम कर रहे हैं। सभी नेता तेजस्वी से काफी चुनावी अखाड़ा में डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं कलम की भाषा की बात करता हूं, लेकिन भाजपा हिंदू, मुस्लिम, जाति पाति और तलवार की बात कर रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि भाजपा वाले देश को टुकड़े में बांटना चाहते हैं, लेकिन हम देश को जोड़ने का काम करते हैं।श्री यादव ने भीड़ को देखकर कहा कि जो सरकार 17 साल में नहीं कर सकी , मैं17माह उप मुख्यमंत्री के पद पर रहकर 5 लाख लोगों को नौकरियां दी। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क ,पर्यटन आदि का भी विकास किया। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि लौरियावासी भाजपा का विधायक बनाए। जिला में दो सांसद और कई विधायकों को जिताए , लेकिन क्या भाजपा ने अभी तक लौरिया में कोई कार्य किया है, कोई फैक्ट्री लगाई है, किसी को रोजगार दिया हो तो हमें बतावें। इधर भीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया है। दिल्ली की सरकार संविधान को नहीं मानती है। अतः एनडीए की सरकार को बदलने की जरूरत है।

यह पार्टी केवल जाति और मजहब के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर अपनी सरकार चलाना चाहती है। वहीं अन्य नेताओं में बालमिकीनगर प्रत्याशी दीपक यादव, बेतिया से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी, नरकटिया विधायक शमीम, पूर्व विधायक विनय कुमार वर्मा, पूर्व प्रत्याशी शंभू तिवारी, जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना त्यागी, अनीता भारती, पूर्व मंत्री रामप्रसाद यादव,अमर यादव, इंद्रजीत यादव, प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, जिला पार्षद मैनेजर यादव मुकेश यादव, प्रभू यादव राजु यादव मुलायम यादव नीतेश कुमार।मनोहर ठाकुर सुनील सेठी।सहित कई नेताओं ने भी अपना भाषण दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व मुकेश सहनी का आगमन 23 मई को

बनकटवा पु च, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह राजद नेता तेजस्वी यादव वीआईपी नेता मुकेश सहनी 23 मई को बनकटवा राम मनोहर लोहिया खेल के मैदान में पश्चिमी चंपारण लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्यासी मदन मोहन तिवारी के चुनावी सभा को सम्बोधित करने 23 मई को दिन में दो बजे सभा मे शामिल होंगे।जिसका तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है।जानकारी कांग्रेस प्रभारी निप्पू सिंह ने दी।

## गोड़ीगावा में प्रचार वाहन पर हमले को ले प्राथमिकी दर्ज

सुगौलीः थाना के गोड़ीगावा में भाजपा के प्रचार वाहन पर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।इसको लेकर भाजपा के वरीय नेता दुर्गा प्रसाद ने चुनाव प्रचार के दौरान गोड़ीगावा के वार्ड सात में हुए हमले को ले प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना को लिए पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वहां के कुछ उपद्रवी तत्वों ने मेरे भाजपा के प्रचार वाहन को घेरकर किसके परमिशन से घुसने की बात कह गाड़ी के शीशा पर पथराव कर दिया। इस दौरान असमाजिक तत्वों ने गाड़ी पर लगे पार्टी के झंडे को फाड़ दिया। जिसमे मुख्य रूप से गांव के दीपेश यादव,सनोज कुमार,पवन कुमार,बलराम यादव सहित छह लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।उन्होंने बताया है कि इस दौरान उनलोगों ने मेरे साथ धक्का मुक्की भी की तथा पॉकेट से पांच हजार रुपये के साथ गले से करीब सत्तर हजार रुपये के सोने के चैन को भी खींच लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि मामले में प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया डीडीयू में हम्प यार्ड और नए आरआरआई भवन का निरीक्षण

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय पर विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश द्वारा आज सर्वप्रथम स्टेशन के डाउन हम्प यार्ड जाकर वहां टावर व सिस्टम के साथ कार्य प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया ।सके उपरांत महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश द्वारा रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर नए आरआरआई सिस्टम की स्थापना संबंधी कार्यो के निरीक्षण के क्रम में स्टेशन के पास स्थित नवनिर्मित मुख्य आरआरआई भवन पर जाकर वहां कार्य प्रगति का सूक्ष्मता से जायजा लिया गया। तदुपरांत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक भी की गयी। पूरे निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लालू से सवाल-किसका आरक्षण काटकर मुसलमानों को देंगे



बेतिया।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को बेतिया के रमना मैदान में सभा को संबोधित किया। अपने 25 मिनट के संबोधन के दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि चार चरण के चुनाव खत्म हो चुके है, कल पांचवें चरण का चुनाव है। चारों चरण के मतदान में एनडीए 270 का आंकड़ा पार कर चुका है। वहीं, इंडी गठबंधन को 40 सीटें भी नहीं मिल रही हैं।अमित शाह ने कहा कि लालू यादव कहते हैं कि मुसलमानों को शत प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। लालू जी, किसका आरक्षण काट कर दोगे? दलितों का, आदिवासियों का या पिछड़ा समाज का आरक्षण काट कर दोगे, स्पष्ट करो।केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान बेतिया लोकसभा के मतदाताओं से बीजेपी के प्रत्याशी संजय जायसवाल को चौथी बार जिताने की अपील की। सभा के दौरान दो युवकों के आपस में मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस ने दोनों को समझा बुझाकर मामला तुरंत शांत करवा दिया। बता दें कि पश्चिम चंपारण में 25 मई को छठे चरण के लिए वोटिंग होगी।

# युवा संवाद कार्यक्रम में रक्सौल पहुंची जमुई विधायक



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय शहर के आर्य समाज मंदिर प्रांगण स्थित सभागार में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पिंटू गिरी की अध्यक्षता में रविवार को भाजयुमो द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त युवा संवाद कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और जमुई की विधायक श्रेयसी सिंह मुख्य रूप से शामिल होकर सभा को संबोधित की। इस दौरान श्रेयसी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के सशक्तिकरण के लिए देश में कई तरह की योजनाओं की शुरूआत की गई है। देश हित में युवाओं के स्टॉर्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाओं व समाज के हर तबके को ध्यान में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं तैयार की जा रही है, जिसका लाभ सभी लोगों को सीधे रूप से मिल रहा है। उन्होंने फिर से एक बार एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मत देने की अपील की। वही इससे पहले कार्यक्रम को स्थानीय बीजेपी सांसद प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल ने भी सभा को मुख्य रूप से संबोधित किया, साथ ही भाजपा नेता गुड्डु सिंह, राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, ज्योति राज गुप्ता, मनीष दूबे आदि ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर कन्हैया सर्राफ, गणेश धनोठिया, प्रशांत कुमार एवं रवि गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संज्ञा समिति का बैठक सम्पन्न



प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।शहर के दुल्हन मंदिर स्थित विजयदत पाठक के मकान में संज्ञा समिति की बैठक आयोजित की गई, उक्त बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने व उन्हें जागरूक करने एवं सामाजिक स्तर पर बेहतर बनाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुग्रह पाठक ने की और सामाजिक धारा से जोड़ने व उन्हें वेहतर बनाने पर चर्चा किया साथ ही समाज में हो रहे तरह-तरह के बुराइयों को दूर करने एवं समाज के लोगों को बेहतर मार्गदर्शन देने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान पशुपतिनाथ पाठक, चंद्रमणि पाठक,अरुण पाठक ,अजय मिश्रा, सत्यनारायण मिश्रा, चंदन कुमार मिश्रा,सुभाष मिश्रा समेत कई लोगों पर स्थित रहे।

# प्रखण्ड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौलितः प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में आगामी लोकसभा चुनाव की सफलता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोक अदालत के सामाजिक कार्यकर्ता सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हार और जीत एक वोट के आधार पर होती हैं। इसलिये मतदान के दिन, सभी लोग पहले मतदान करें फिर जलपान करे तथा अपने बच्चों, रिश्तेदारों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वोट देने जाने के समय बूथ पर सोशल डिस्टेंसिंग पालन करें। उन्होंने कहा कि वोट के समय अक्सर राजनीतिक दल, अपने पक्ष में वोट डालने के लिए मतदाताओं को पैसा, शराब, कपड़ा, भोजन, लड़की की शादी की बात इत्यादि का लालच देकर वोट हासिल करने के लिये लुभाते हैं, आप लोग ऐसे राजनीतिक दल के लोगों से दूरी बनाकर रहे। उन्होंने कहा कि अगर आपको कोई पैसा, शराब, भोजन, लड़की की शादी कराने जैसे बात कहता हैं, वोट अपने पक्ष में डालने के लिए दबाव बनाता है, डराता धमकाता हैं, तो ऐसी स्थिति में तत्काल इसकी सूचना अपने थानाध्यक्ष, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, आंचलाधिकारी, जिलाधिकारी महोदय को दे, क्योंकि जिला प्रशासन हर समय, हर वक्त आपकी मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा आपका एक एक वोट कीमती है, इसलिए आप सभी लोगों को सही और ईमादार प्रत्याशी को चुनकर वोट देना है। वही लोक अदालत से मिलने वाली लाभ को लेकर कहा कि लोक अदालत कार्यालय के द्वारा समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, आप उस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण सहित, अपनी सभी सुल्हनिये वादों का निस्तारण आपसी सहमति व सद्भाव से करा सकते हैं। उसमें किसी प्रकार का कोई खर्च नही लगता है। इसके साथ ही उन्होंने स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान योजना, बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पशुपालन सहित योजनाओं की जानकारी दी।

# समस्या के रूप में नहीं, बल्कि हर चुनौती को अवसर के रूप में देखें उद्यमी: डॉ. कुंदन



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि की कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से चल रहा तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर रविवार को संपन्न हो गया। चार सत्रों में आयोजित शिविर में जहां तीन में विषय विशेषज्ञों ने उद्यमिता की सार्थकता पर चर्चा की, जबकि अंतिम सत्र में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और तीन दिवसीय जागरूकता शिविर को ज्ञानवर्धक बताया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए जन्तु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंदन किशोर ने अपने संबोधन में सफल उद्यमी की सफलता की कहानी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कहा कि उद्यमिता की सफलता के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रभावी प्रारूप बनाना जरूरी है। तभी आप सफल हो पाएंगे और आपके सपने आकार ले पाएगी। उन्होंने सफल उद्यमी कैसे बनेंगे, इस पर भी अपनी महत्वपूर्ण राय दी। उन्होंने कहा कि एक उद्यमी हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें ना कि समस्या के रूप में। चुनौती व परिवर्तन को स्वीकार करने वाला ही सफल उद्यमी होता है। दूसरे सत्र को कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार ने संबोधित किया। कहा कि आज के समय में उत्पाद व तकनीक चयन में रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थानों की भूमिका काफी बढ़ गई हैं। छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के लिए इन संस्थानों से भविष्य में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने उद्यमिता की सार्थकता पर भी चर्चा की। मध्यांतर के बाद तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए जन्तु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. दुर्गेश्वर सिंह ने उद्यमिता के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले बैंक व वित्तीय संस्थानों पर विस्तृत चर्चा की। अंतिम सत्र में छात्र-छात्राओं ने आयोजित तीन दिवसीय शिविर पर अपनी राय दी। उन्होंने शिविर को ज्ञानवर्धक एवं उत्साहित करने वाला कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम संयोजक सह प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवनेश कुमार ने शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्राध्यापकों को बधाई दी। मौके पर प्रबंध विज्ञान विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण मतदान कराने बूथों पर पहुंचे चुनावकर्मी



प्रात : किरण संवाददाता

परसाः-पांचवें चरण में सारण लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाली परसा विधानसभा के परसा नगर पंचायत समेत परसा प्रखंड के 13 पंचायतों के मतदान केंद्रों पर आज सोमवार को मतदान संपन कराई जाएगी।चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए देर शाम तक मतदान केंद्र पर सामग्री के साथ मतदान सामग्री का पहुंचना जारी था। और बूथों पर मतदान करवाने मतदान कर्मियों की चहल कदमी तेज हो चुकी थी। सारण लोकसभा चुनाव के मद्देनजर परसा विधानसभा अंतर्गत पड़ने वाली परसा नगर पंचायत समेत प्रखंड के 13 पंचायतों के 82 मतदान केंद्रों पर आज सोमवार को मतदान होगा।जिसको लेकर परसा प्रखंड के 62 मतदान केंद्र पर 50929 मतदाता व अमनौर प्रखंड के 52 मतदान केंद्र पर 51283 मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। रविवार के देर रात तक सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल के - जवानों की निगरानी में ईवीएम व मतदान सामग्री के साथ मतदान कर्मी पहुंच गए। और मॉकपोल के उपरांत मतदान सोमवार सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक सम्पन्न कराई जाएगी। वहीं बीआरसी परसा में बूथ संख्या 11 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।जिसे बेहतर ढंग से सजाया गया है।हर बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिहार पुलिस, आरपीएफ,बीसैप,असम सैप जवान की तैनाती की गई है। इसके अलावा बिहार पुलिस के जवानों को भी बूथों पर तैनाती की गई है। प्रशासन असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर बनाई हुई हैं। मतदान के दौरान मतदान में व्यवधान डालने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा।बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा की आज मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर लोकतंत्र के लिए अपने मतों का प्रयोग अवश्य करें। शांतिपूर्ण मतदान के लिए निकाला गया फ्लैग मार्च इधर क्षेत्र स्वच्छ,भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न करवाने को लेकर रविवार देर शाम सुरक्षा बल के जवानों के साथ थानाध्यक्ष सुनील कुमार, एएसआई दीपक कुमार आदि ने परसा नगर पंचायत के साथ क्षेत्र मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाली। जवानों ने पहले पैदल परसा बाजार के हाई स्कूल चौक,खलीफा चौक,सैदपुर, हॉस्पिटल रोड, फतेहपुर, अंजनी,सगुनी सहित कई जगहों पर फ्लैग मार्च किया। 280 मतदान दल प्रतिनियुक्त,13 सेक्टर में बंटा गया है पूरे परसा प्रखंड को बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि परसा प्रखंड के कुल 280 बूथों पर चार-चार मतदान दल कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें पी वन, पी टू, पी श्री व पीठासीन पदाधिकारी शामिल हैं। प्रखंड को 13 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट को लगाया गया है। अगर किसी बूथ पर ईवीएम मशीन में खराबी आती है तो उसे क्यूआरटी टीम तुरंत देखेगी। बताया गया कि रिजर्व में 10 प्रतिशत मतदान कर्मियों को रखा गया है। जरुरत पड़ने पर इनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा बिहार पुलिस के जवान भी बूथों पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा पर्दानशीं महिला मतदाताओं की पहचान के लिए प्रखंड के सभी बूथों पर शिक्षिका और आंगनबाड़ी सेविका को बूथों पर तैनाती की गई है। जो पर्दानशीं महिलाओं की पहचान करेंगी। इसके बाद महिलाओं को मतदान करने दिया जाएगा।

# रक्सौल के नागा रोड में छापेमारी, 94.52 लाख रुपए बरामद

## नोट गिनने की मशीन भी बरामद, हो सकता है हवाला का पैसा





प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल में एक गुड़ व्यापारी ध्रुप साह के घर में एसपी कांतेश मिश्रा के निर्देश पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में भारतीय और नेपाली रुपयों को बरामद किया गया है। इस दौरान पुलिस ने रुपए गिनने की एक मशीन को भी जब्त किया है। उक्त छापेमारी सहायक पुलिस अधीक्षक सदर शिखर चौधरी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें रक्सौल एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार के साथ इंस्पेक्टर सह रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा व जिला आसूचना इकाई के अधिकारियों की टीम शामिल थी। रक्सौल के नागा रोड स्थित उनके आवास पर छापेमारी के साथ मीठा बाजार में भी छापेमारी की सूचना है। छापेमारी के दौरान कुल 94.52 लाख रुपए बरामद किए गए। 34 लाख 34 हजार 5 सौ भारतीय व 60 लाख 18 हजार नेपाली रुपए शामिल है। यह छापेमारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करते हुए की गई। इस रुपयों के सम्बन्ध में ध्रुप साह के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। इस संदर्भ में आयकर विभाग को पुलिस ने सूचित किया है और इसकी अग्रेतर जांच और कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि उक्त रुपए हवाला कारोबार का हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि ध्रुप साह का कारोबार उनके पुत्र अमरेश कुमार देखता है। रुपए के बारे में अभी पूछताछ जारी है।

# वीटीआर जंगल के बीच बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर मालवाहक मिनी ट्रक पलटा



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया।बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर मालवाहक मिनी ट्रक पलट गया। जिसमें लदा सारा सामान बिखर गया। गनीमत रही कि गाड़ी का ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित बताया जा रहा है। बतादें यह घटना सिरिसिया के निकट पूल के समीप घटित हुई है। बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर के व्यापारी उत्तरप्रदेश से किराना और दूसरे जरूरत के समान ट्रक के द्वारा वाल्मीकिनगर ला कर करोबार करते हैं।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सामने से आ रही दूसरी गाड़ी को साइड देते समय मिनी ट्रक अनियंत्रित हो गई जिससे यह हादसा हो गया।घटना शनिवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है।

# हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए 58 कंपनी विशेष बल प्रतिनियुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर दिनांक 20 मई को होने वाले हाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 58 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स हाजीपुर आ चुकी है। इन बलों की प्रतिनियुक्ति हाजीपुर, महनार, राघोपुर, राजापाकर, लालगंज तथा महुआ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर किया गया है। इन बलों के ठहरने एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय के द्वारा विभिन्न कंपनियों के कमांडेंट व वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। बल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपका काम मतदान केंद्र पर विधि व्यवस्था कायम रखना है। मतदान दल को ईवीएम प्राप्त हो जाने के उपरांत रास्ते में दल को कहीं नहीं रुकना है। सीधे बूथ पर जाना है। अगर किसी प्रकार की असुविधा हो तो अविलंब वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देनी है। 20 मई को भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराना है। मतदान के पश्चात वापसी में आर.एन. कॉलेज, हाजीपुर स्थित वज्र गृह में ईवीएम को जमा करना है।

# ज्वेलर्स दुकान में शटर काटकर लाखों रुपए के स्वर्ण आभूषणों की चोरी



कलयाणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कलयाणपुर थाना क्षेत्र के भट्ठी चोक स्थिति एक ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा शनिवार को चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर काटकर दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते हैं दुकानदार चकमेहसी थाना क्षेत्र के बेलसंडी गांव निवासी नथुनी साह ने बताया कि लाखों रुपए के सोना ओर चांदी सहित बीस हजार रुपए नकद लगभग चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया है। दुकान के मार्केट में लगा सीसीटीवी फुटेज को भी चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं पीड़ित दुकानदार ने घटना की सूचना स्थानीय थाना कल्याणपुर को दिया। सूचना मिलते ही थाना के एएसआई लालू प्रसाद मालाह मौके पर पहुंचकर मामले की ताकत में जुट गए। तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय कल्याणपुर चौक पर अज्ञात बदमाशों ने आर्यन मोबाइल सेंटर का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकानदार मोहम्मद कादिर ने बताया कि दुकान के काउंटर पर रखा दस हजार रुपए 25 मोबाइल सेट कुल 50 हजार नगद से अधिक का सामान चोरी कर लिया गया है। वहीं पीड़ित दुकानदार ने चोरी होने की सूचना पुलिस को देने की बात कही है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि पीड़ित दुकानदार के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

# विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को छात्रहित से जुड़े 16 सूत्री मांग पत्र सौंपा



प्रात : किरण संवाददाता


दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय कुलपति को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में छात्र हित से संबंधित 16 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सभी अगीभूत महाविद्यालय एवं स्नातकोत्तर विभाग में शीतल पेयजल एवं छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था की जाए।सुदुर ग्रामीण एवं दुर-दराज से आये छात्रों के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय में मूलभूत सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय का अविलम्ब निमार्ण करवाया जाय। विश्वविद्यालय क्षेत्र अन्तर्गत एवं अन्य जिलों से आये छात्रों के सुविधा एवं समस्या समाधान के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर हेल्पलाईन सहायता नंबर जारी कर सुचारु संचालन किया जाए। विश्वविद्यालय अन्तर्गत शोधार्थी के छात्रों के लिए छात्रवृति, छात्रावास एवं लैब की व्यवस्था की जाए। विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग एवं सभी महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तकालय में पुस्तक की व्यवस्था एवं रीडिंग रूम का संचालन हो। प्रतिवर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन कर ससमय मूल प्रमाण पत्र का निर्गमण की व्यवस्था की जाय ताकि छात्रों को विश्वविद्यालय के द्वारा वसूले जा रहे मनमानी चालान शुल्क पर प्रतिबंध हो विश्वविद्यालय का अपना डाटा सेंटर हो ना कि निजी कंपनी के हाथो सचालन हो तथा पूर्व में डाटा सेंटर की गड़बडी से प्रभावित हुए लाखों छात्रों के भविष्य अघर में डालने वाले दोषियों की उच्च स्तरीय जाँच कर कारवाई हो।निजी व सम्बद्ध महाविद्यालय में नामांकन के समय छात्राओं की मनमानी फीस पर पूर्ण प्रतिबंध हो। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा केन्द्र के बंद होने के कारणों का निदान कर शीघ्र प्रारंभ हो।अगीभूत व सम्बद्ध महाविद्यालय में सत्र की सभी शुल्क समान हो तथा महाविद्यालयों की मनमानी पर रोक लगे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कुलपति का सभी विषयों पर सकारात्मक रुख था एवं छात्र हित में सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुनकर एवम सविस्तार चर्चा कर जल्द ही विश्वविद्यालयों के छात्रहित के ज्ञापन के सभी विषयों पर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश कर शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप, प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर, विभाग संगठन मंत्री दीपक कुमार मिश्र, विभाग संयोजक राहुल सिंह, जिला संयोजक वागीश झा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरिओम झा, प्रिंस चौधरी उपस्थित थे।



## सीधे ओटीटी पर रिलीज होगी प्रतीक की अगली फिल्म

**दमदार अदाकारी के मशहूर अभिनेता प्रतीक गांधी जल्द ही फैमिली ड्रामा फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का नाम डेढ़ बीघा जमीन है। इसमें उनके साथ खुशाली कुमार भी अहम किरदार में दिखेंगी। पर्दे पर प्रतीक को आखिरी बार फिल्म दो और दो प्यार में देखा गया था, जो टिकट खिड़की पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी।**

अब उस फिल्म के फ्लॉप होने का खामियाजा प्रतीक की नई फिल्म को भुगतती नजर आ रही है। दो और दो प्यार के असफल होने का साइड इफ्केट प्रतीक की इस फिल्म पर साफ नजर आ रहा है। उनकी इस फिल्म को बड़े पर्दे को छोड़कर मेकर्स सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने जा रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें लोगों के साथ फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने की जानकारी साझा की गई है। पुलकित के निर्देशन में बनी यह फिल्म 31 मई को जियो सिनेमा पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म का निर्माण शैलेश आर सिंह, सुनील जैन और हितेश ठक्कर ने किया है। इस फिल्म में आम इंसान को अपने हक के लिए खास लड़ाई लड़ते दिखाने की मेकर्स ने कोशिश की है। इससे पहले पुलकित बोसः डेड ऑर अलाइव का निर्देशन कर चुके हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रतीक को पिछली बार दो और दो प्यार में इलियाना डिक्रूज और विद्या बालन के साथ देखा गया था। फिल्म को समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं दिखा सकी थी। घरेलू टिकट खिड़की पर फिल्म ने कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये का कलेक्शन किया था।



## फुकरे को करियर की बेस्ट फिल्म मानते हैं पुलकित

**पुलकित सम्राट की फिल्म 'फुकरे 3' का टीवी पर प्रीमियर होने जा रहा है। इसके निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा है। फिल्म ने थिएटर्स में 128.37 करोड़ की कमाई की। मेकर्स और एक्टर्स का कहना है कि उनकी ये कॉमेडी किस्त पिछली दो फिल्मों से अधिक ग्रैंड बनाई गई थी। इसे लेकर पुलकित ने खास बातचीत की।**

**'फुकरे' फ्रेंचाइज को आगे क्या 'हाउसफुल' जैसे स्केल पर ले जाने की कोई तैयारी है?**

आई थिंक 'फुकरे 3' अपने आप में काफी ग्रैंड थी। पहले के दोनों पार्ट की तुलना में। ये पार्ट शूट करना हमारे लिए काफी चैलेंजिंग रहा। इसे हमने कई लोकेशन में शूट किया। पार्ट 3 में एक सीन हम शूट कर रहे थे, जिसमें नीचे मगरमच्छ है और ऊपर हम क्रेन से लड़के हुए हैं। इस सीन में काफी ग्रैंडनेस थी। हम यही सोच रहे थे कि इस बार मृगदीप सर ने इसे कितना लार्ज स्केल पर शूट करने का प्लान बनाया है।

**अली फजल को कितना मिस किया था पूरे शूट के दौरान?**

अगर अगला पार्ट बनता है तो वह होंगे या नहीं यह तो एक्सेल एंटरटेनमेंट और अली ही बता पाएंगे पर हमने डेफिनेटली पार्ट 3 में उन्हें मिस किया। ये हमारे लिए भी एक सरप्राइज था कि फिल्म के आखिर में वो हैं और इसकी शूटिंग करने वाले हैं।

**क्या 'फुकरे' फ्रेंचाइज को आप अपना बेस्ट काम मानते हैं?**

मेरी कोशिश तो यही रहती है कि मेरा हर काम बेस्ट हो पर हां डेफिनेटली 'फुकरे' फ्रेंचाइज मेरी फेवरट है। इसमें मुझे काफी टैलेंट दिखाने का मौका मिला। अगर मैं इसका पार्ट नहीं भी होता और सिर्फ इसका दर्शक होता तो भी ये मेरी फेवरेट फिल्म होती। इसके पहले पार्ट की शूटिंग से लेकर अब तक काफी कुछ सीखने को मिला। पहली फिल्म के समय तो मैं बहुत कच्चा था। शूटिंग करते-करते काफी ग्रो हुआ। मुझे इसके शूट के दौरान जो माहौल मिला, उससे आगे बढ़ने में मदद मिली। इसके बाद दूसरी फेवरेट फिल्म की बात करूं तो 'तैश' पसंद है।

**'फुकरे 3' की शूटिंग के दौरान का कोई खास चैलेंज रहा?**

तीसरे पार्ट में हम सब सिर्फ जले हैं। हमने घमासन गर्मी में दिल्ली में शूट किया। हम मध्य प्रदेश भी गए थे, उस समय वहां टेम्प्रेचर 49 डिग्री था। यह कोई मजाक नहीं था। लिटरली हमें अगर गाड़ी पर बैठ जाने को कहते थे तो हम बैठ तो जाते थे पर फिर उठ नहीं पाते थे। मौसम एक बड़ी चुनौती थी। हालांकि फिर से साथ आने की एक्साइटमेंट भी थी।

**मल्टीस्टारर न करके सोलो एक्शन, कॉमेडी, रोमांटिक रोल में कब नजर आएंगे?**

वैरायटी अच्छी चीज है तो इसके तहत हर तरह का रोल करना चाहूंगा। जिसमें रोमांस हो, कॉमेडी हो, एक्शन हो। हालांकि बहुत पहले मेरी 'सनम रे' आई थी। वह सोलो थी, उसमें मेरे साथ दो एक्ट्रेसेज थीं। मैं जल्द ही ऐसे किसी प्रोजेक्ट में फैंस को नजर आऊंगा। जिसमें मेरा सोलो रोल हो। इस पर काम कर रहा हूं।

## अनिल कपूर ने छोड़ी फिल्म हाउसफुल 5 !



फिल्म हाउसफुल 5 में अनिल कपूर नजर नहीं आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने यह फिल्म फीस की वजह से छोड़ दी है। वहीं, खबर यह भी कि 14 साल बाद इस फ्रेंचाइजी का अर्जुन रामपाल हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म हाउसफुल में मेजर कृष्णा राव का रोल निभाया था। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इन दोनों बातों पर ऑफिशियल पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अनिल कपूर और फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला की फीस पर सहमति नहीं बन पाई। इस वजह से अनिल ने यह फिल्म छोड़ दी। इस बदलाव के बाद मेकर्स फिल्म में नाना पाटेकर के किरदार पर फिर से काम कर रहे हैं। दरअसल, पहले फिल्म में उनकी केमिस्ट्री अनिल कपूर के साथ दिखाई जानी थी। वहीं, एक रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जुन रामपाल इस फ्रेंचाइजी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि मेकर्स ने अभी इसकी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



## सोनी के आगामी शो जुबली टॉकीज में दिखेंगी खुशी दुबे

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपने दर्शकों के लिए एक नया रोमांटिक ड्रामा लेकर आ रहा है। जुबली टॉकीज – शोहरत, शिद्दत, मोहब्बत सोनी की अगली फिक्शन पेशकश होगी। यह एक रोमांटिक और भावुक ड्रामा होगी, जो महाराष्ट्र के एक छोटे शहर की लड़की शिवांगी की कहानी दिखाएगी। इसमें आधुनिक संवेदनाओं वाली एक लड़की ,शिवांगी सावंत की पूरी जीवन यात्रा दिखाई जाएगी। अपने पिता की तरह ही शिवांगी को सिनेमा से बहुत लगाव है और वह अपने पिता के सपने को पूरा करना चाहती है। उसके पिता का सपना था कि वह संगम सिनेमा को वापस से उसके पुराने रूप में बहाल करें, जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी अब शिवांगी ने उठा ली है।

### शिवांगी की भूमिका में दिखेंगी

शो में अभिनेत्री खुशी दुबे शिवांगी सावंत की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह शो में एक आधुनिक महिला के किरदार में दिखने वाली हैं, जो काफी मजबूत इरादों वाली और परिवार के प्रति समर्पित महिला है। शिवांगी अपने पिता द्वारा पीछे छोड़ी गई संगम सिनेमा रूपी विरासत को संभालती है। इस दौरान वह सभी आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करती है। इससे उसका दृढ़ संकल्प जाहिर होता है कि वह अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए कितना समर्पित है।

### शो को लेकर उत्साहित हैं खुशी

अभिनेत्री खुशी दुबे इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने शिवांगी सावंत के किरदार को निभाने के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा,मैं इस कहानी को लेकर वाकई काफी उत्साहित हूं! जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी तो मैं मंत्रमुग्ध रह गई और मुझे आशा है कि दर्शक भी ऐसा ही महसूस करेंगे। शिवानी संगम सिनेमा का पुनरुद्धार करने को लेकर काफी जुनूनी है, लेकिन इसके साथ-साथ शिवांगी की यात्रा अप्रत्याशित मोड़ से भरी है, जो हर किसी की दिलचस्पी शो में बनाए रखेगी। यह किरदार मेरे लिए एक नई चुनौती है। शिवांगी का अपने पिता के सपनों को पूरा करने के प्रति जो समर्पण है और जिस तरह से वह अपने परिवार के साथ खड़ी होती है, उससे मैं काफी आकर्षित हूं।



## मेरे नाम से जाना जाएगा खतरों के खिलाड़ी 14

**'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के इस रोमांचकारी शो में टीवी के सितारे खतरों से खेलते हुए दिखाई देते हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को लेकर भी चर्चाओं का बाजार अक्सर गर्म रहता है। इस बार शिल्पा शिंदे भी शो में शिरकत करने वाली हैं। अभिनेत्री ने शो में हिस्सा लेने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है।।**

शिल्पा शिंदे से पूछा गया कि शो के लिए वह कैसे तैयारी कर रही हैं। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं अच्छा खाना खा कर और अच्छी नींद लेकर तैयारी कर रही हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि वहां कैसा खाना मिलेगा। तो मैं उससे एनर्जी ले रही हूं। बाकी मैं वहां जाने के लिए काफी उत्सुक हूं और अब आगे देखते हैं कि क्या होता है। आगे अभिनेत्री से पूछा गया कि उन्होंने शो में इस सीजन जाना ही क्यों सोचा। इससे पहले भी उनके पास ऑफर आए होंगे। इस पर अभिनेत्री ने कहा, क्या बताऊं हो सकता है कि किस्मत में मेरी यही सीजन लिखा था। या हो सकता है कि शो का 14वां सीजन जीतना मेरे ही नसीब में हो। आगे शिल्पा से पूछा गया कि शो में जाकर वह अपना कौन सा डर दूर करना चाहेंगी? इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, अभी तो मुझे किसी चीज से डर नहीं लगता। मेरा डर अब खत्म हो गया है। अभी मैं इसे लेकर कुछ नहीं बता सकती हूं। शिल्पा का कहना है कि मानसिक रूप से अगर आफ फिट हैं तो कुछ भी कर सकते हैं तो मैं अभी काफी सकारात्मक सोच से जा रही हूं। मैं चाहती हूं कि यह शो मेरे नाम से जाना जाए। इस शो में कुछ अलग हो और कुछ विवाद न हो। अपने को-कंटेस्टेंट के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि कृष्णा श्रॉफ काफी फिट हैं तो मुझे उनसे थोड़ा डर है। मुझे लगता है कि सब एक-दूसरे तो गुमराह कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि आप पर ज्यादा प्रेशर है क्योंकि आपने काफी शो जीते हैं। इसके जवाब में शिल्पा ने कहा, नहीं ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि यह बिग बॉस का घर न बन जाए। रोहित शेट्टी के साथ काम करने को लेकर शिल्पा ने कहा, मुझे उनकी डांट से डर लग रहा है। ये कोशिश रहेगी कि इससे मैं थोड़ा दूर रहूं।




## खत्म हुई जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग

अक्षय कुमार और अरशद वारसी अपनी आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म पर तेजी से काम किया जा रहा है। यह जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। पिछले दिनों यह फिल्म कानूनी पचड़े में फंसने के चलते चर्चा में आ गई थी। फिल्म पर वकीलों और जजों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया था। इस आरोप के बाद अब एक बार फिर से जॉली एलएलबी 3 सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल, अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अरशद वारसी भी उनके साथ नजर आ रहे हैं। दोनों खड़े होकर बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं दोनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना हुआ है। इस वीडियो के साथ उन्होंने अपने फैंस के साथ फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट भी साझा किया है। उन्होंने बताया कि जॉली एलएलबी 3 के राजस्थान शेड्यूल की शूटिंग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि दोनों जॉली ने राजस्थान में अच्छा समय बिताया। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। इसका दूसरा भाग साल 2017 में रिलीज हुआ था। ये दोनों कानूनी कॉमेडी-ड्रामा फिल्में हैं। अब फिल्म के तीसरे भाग में दर्शकों को गुदगुदाने का काम किया जाएगा। इन फिल्मों में भारतीय न्यायिक प्रणाली पर व्यंग्य किया गया हैं। हंसी-मजाक के साथ इसमें कई गंभीर टिप्पणियां भी सुनने को मिलती है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3, 2025 में रिलीज हो सकती है।

## फिटनेस गुरु बनीं सारा अली खान!

सारा अली खान अभिनय के अलावा अपने फिटनेस के लिए भी मशहूर हैं। एक वो दौर था जब सारा अली खान बिल्कुल भी फिट नहीं थीं वहीं आजकल सारा अली खान सोशल मीडिया पर फिटनेस टिप्स देती नजर आती हैं। मर्डर मुबारक स्टार सारा अली खान ने आज अपने सोशल मीडिया से अपना एक वर्कआउट वीडियो अपने फैंस के संग साझा किया है। सारा अली खान वीडियो और अपनी एक तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है, एब्स बनाना है या पेट को खुश रखना है। सारा अली खान आगे लिखती हैं, अगर आपको फिट रहना है तो एक-एक कैलोरी गिन कर लेना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर सारा अली खान के फैंस उनके इस वीडियो को देखकर उन्हें फिटनेस गुरु का टैग दे रहे हैं।



## पीएम-किसान स्कीम की बढ़ेगी किस्त?

**दिल्ली।** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना को लेकर एक्शन मोड में आ गई है। दरअयल, सरकार ने कृषि और किसान कल्याण विभाग के तहत पीएम किसान योजना का मूल्यांकन करने की योजना बनाई है। नीति आयोग से जुड़े विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय ने इस योजना के मूल्यांकन के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।




## जयप्रकाश पावर वेंचर्स का शेयर टूटा

**दिल्ली।** कारोबार में जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों में 5त्न तक की तेजी देखी गई थी। शुक्रवार को यह स्टॉक 20.40 रुपये पर पहुंच गया था। इस कीमत पर पेनी शेयर अपने एक साल के निचले स्तर 5.17 रुपये से 266 प्रतिशत बढ़ गया और अपने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। बता दें कि इसका 52 वीक का हाई प्राइस 23.99 रुपये है।

# कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी, भाव बढ़ने की आस में किसान बेचने से कर रहे परहेज

**मुंबई , एजेंसी।** दो महीने से कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। दूसरी ओर, किसानों को ऐसा लग रहा है कि इस वर्ष कम उत्पादन के कारण कपास की कीमतों तेजी अवश्य आएगी। किसानों के इसी अनुमान की वजह से मौजूदा समय में मंडियों में कपास की आवक भी घट रही है।

कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) के आंकड़ों के अनुसार कॉटन (कपास शंकर 6) की कीमतों में पिछले दो महीनों से लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। कपास की कीमतें गिरकर 16,057 रुपये प्रति क्विंटल हो गई हैं। जबकि दो महीने पहले 15 मार्च 2024 को इसी कपास के लिए 17,434 रुपये प्रति क्विंटल की बोली लग रही थी। वहीं, एक साल पहले शंकर 6 किस्म के कपास का भाव 16,759 रुपये प्रति क्विंटल था। जानकारों के अनुसार यदि कपास के भाव में गिरावट इसी तरह जारी रही तो इससे किसानों को मुश्किल हो सकती है। चाहे वे इसे स्टोर करें या बेच दें पर उनको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। महाराष्ट्र की अधिकतर मंडियों में कपास का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ज्यादा है उसके बावजूद किसान और अधिक दाम मिलने की आस में बैठे हैं। इससे मंडियों में कपास की आवक घट रही है। कॉटन एसोसिएशन के नए अनुमान के मुताबिक अक्टूबर-मार्च के दौरान कॉटन निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख गांठ पहुंच गया था। जबकि पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ का रहा था। सीएआई के नए अनुमान के अनुसार आने वाले समय में कपास की आवक में और कमी रहने की आशंका है क्योंकि साल 2023-24 में 323.1 लाख गांठ के उत्पादन में से लगभग 280.6 लाख गांठ की आवक हो चुकी है।



वायदा बाजार में भी कॉटन के भाव में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। एसएमसी कमोडिटी रिसर्च के अनुसार फिलहाल एमसीएक्स पर कपास 56,000-57,500 प्रति कैंडी (355 किलोग्राम की एक कैंडी होती है) के भाव कारोबार करता दिख रहा है। दूसरी ओर, कॉटन (अप्रैल 2025) वायदा की कीमतें 1,530-1,580 के दायरे में कारोबार रहने की आशंका है। महाराष्ट्र की मंडियों में कॉटन के भाव में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि इस साल कपास के कम उत्पादन के अनुमान को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी कीमतें 2021 और 2022 की तरह 9,000 से 12,000 रुपये प्रति क्विंटल तक जा सकती हैं।

### कपास की कीमतों पर क्या है वैश्विक अनुमान

एक अगस्त से शुरू होने वाले 2024-25 सीजन में ब्राजील और तुर्की के साथ अमेरिका में कॉटन की फसल अधिक होने की उम्मीद से वैश्विक कॉटन की कीमते घट रही हैं। फिच सॉल्युशन रिसर्च एजेंसी बीएमआई का कहना है कि वैश्विक कॉटन बाजार में मंदी की भावना काफी हद तक 2024-25 में उत्पादन में सुधार विशेषकर अमेरिका में अधिक उत्पादन की उम्मीद के कारण है।

वहीं, अमेरिकी कृषि विभाग यूएसडीए के अनुसार 2024-25 सीजन में अमेरिका में कॉटन का उत्पादन बढ़कर 160 लाख गांठ (204.9 गांठ 170) किलोग्राम होने का अनुमान है। अगले सीजन में वैश्विक उत्पाद 11.90 करोड़ अमेरिकी गांठ (217.72 किलोग्राम) होने का अनुमान है। यूएसडीए को उम्मीद है कि अमेरिका, ब्राजील और तुर्की में कपास की अच्छी फसल चीन और भारत में कम फसल की भरपाई कर देगी। अमेरिका में अच्छी फसल के कारण इस साल फरवरी से कपास की कीमंते घट रही हैं। इस वजह से भारत में भी कपास की कीमतों पर असर पड़ा है। ऑल इंडिया कॉटन ब्रोकर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामानुज दास का कहना है कि भाव 57,500 से 59,000 प्रति कैंडी की रेंज में स्थिर रह सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेबी के पास दाखिल अपना आईपीओ मसौदा वापस लेगा ओयो, अब कंपनी कर रही यह तैयारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए सेबी को अपना मसौदा फिर से दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ के लिए दाखिल अपना वर्तमान मसौदा या डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है। सूत्रों के अनुसार वैश्विक ट्रैवल टेक कंपनी ओयो डॉलर बॉन्ड की बिक्री के जरिए 450 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने की योजनाओं को अंतिम रूप देने के करीब है। एक सूत्र ने कहा कि जेपी मॉर्गन डॉलर बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से 9 से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की अनुमानित ब्याज दर पर पुनर्वित्त हासिल करने की प्रक्रिया में लीड बैंकर की भूमिका निभाएगा। पुनर्वित्त की तैयारी कर रहे ओयो ने बाजार नियामक सेबी को दिए गए अपने वर्तमान ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) को वापस लेने का अपना आवेदन दायर कर दिया है। कंपनी ने बताया है कि वह बॉन्ड जारी करने के बाद संशोधित डीआरएचपी फाइल करना चाहती है। ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज लिमिटेड ने नवंबर में पुनर्खरीद प्रक्रिया के जरिए 1,620 करोड़ रुपये के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चुकाया था। इस बायबैक में 66 करोड़ डॉलर के टर्म लोन बी की 30 प्रतिशत की पुनर्खरीद शामिल थी। इस कदम से कंपनी की बकाया ऋष्ा राशि घटकर लगभग 45 करोड़ डॉलर डालर रह गई। कंपनी की आईपीओ योजना से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई कहा, पुनर्वित्तपोषण से ओयो के वित्तीय ब्योरे में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। मौजूदा नियमों के अनुसार, इसे नियामक को दी गई अपनी फाइलिंग में संशोधन करने की आवश्यकता होगी।

### दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का निधन, आईसीआईसीआई बैंक की शुरुआत करने का जाता है श्रेय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वह गंभीर हालत में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार के सदस्य ने मीडिया को बताया कि गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे बेहोश थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। राजीव गांधी की सरकार के दौरान उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का प्रमुख बनने के लिए कहा गया था। वाघुल को वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

### स्कैम 2010 सीरीज की सहारा परिवार ने की निंदा, कहा- कर सकते हैं कानूनी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द सुब्रत रॉय सागा की घोषणा के एक दिन बाद, सहारा परिवार ने इसके खिलाफ एक बयान जारी कर इसे अपमानजनक हरकत बताया है। उन्होंने कहा है कि वह इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। साथ ही वह इसकी निंदा भी करते हैं। फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने 16 मई को अपनी स्कैम फ्रेंचाइजी स्कैम 2010- द सुब्रत रॉय सागा की तीसरी किस्त का ऐलान किया।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर खुशखबरी, 2.56 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को खुशखबरी मिल रही है। बीते 10 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.561 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई। अब अपना भंडार 644.15 अरब डॉलर का हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 10 मई को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान भंडार 2.561 अरब डॉलर से बढ़कर 644.151 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार 1.488 अरब डॉलर से बढ़कर 565.648 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब डॉलर हो गया।

### आईएमएफ के पास भारत का आरक्षित जमा घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 50 लाख डॉलर बढ़कर 18.06 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर घटकर 4.495 अरब डॉलर रह गया।

## चुनावी माहौल में विदेशी निवेशकों का मोहभंग, 28000 करोड़ के बेच दिये शेयर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों में आकर्षक मूल्यांकन के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 28,200 करोड़ रुपये की निकासी की है। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने की चिंता के बीच अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 8,700 करोड़ रुपये निकाले थे।इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। आगे चलकर चुनाव नतीजों के बाद एफपीआई के इक्विटी प्रवाह में नाटकीय बदलाव देखने को मिल सकता है।

### क्या है एक्सपर्ट की राय

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, राजनीतिक स्थिरता की स्थिति में भारतीय बाजार में भारी निवेश आएगा डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 17 मई तक शेयरों से शुद्ध रूप से 28,242 करोड़ रुपये निकाले हैं। मोजोपीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में एफपीआई की बिकवाली की मुख्य दो वजह हैं। पहली चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता है। एफपीआई आमतौर पर अनिश्चितता की स्थिति में सुरक्षित तरीका अपनाते हैं। इसके अलावा बाजार मूल्यांकन काफी ऊंचा है जिसकी वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋष्ा या बॉन्ड बाजार में 178 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले एफपीआई ने मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कुल मिलाकर इस साल अबतक एफपीआई शेयरों से 26,000 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं।

## फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग ने बढ़ाई सरकार की टेंशन!



शेयर बाजार में निवेशकों का रुझान फ्यूचर एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग की ओर लगातार बढ़ रहा है। इस ट्रेडिंग में हाई रिस्क होने के बावजूद ज्यादातर निवेशक अपनी सेविंग्स के पैसे भी दांव पर लगा दे रहे हैं। सेबी के आंकड़े बताते हैं कि इसका नुकसान हर 10 में से 9 निवेशक को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में अब सरकार की ओर से निवेशकों को बार-बार चेताया जा रहा है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक कार्यक्रम में लोगों को इस ट्रेडिंग को लेकर आगाह किया था। अब मुख्य आर्थिक सलाहकार सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने भी लोगों को बचत के पैसे निवेश करने से बचने की सलाह दी है।

### क्या कहा मुख्य आर्थिक सलाहकार ने

नागेश्वरन ने कहा कि जब भी वित्तीय क्षेत्र का विकास, राष्ट्रीय विकास से पहले हुआ है, तो ऐसे देशों के लिए नतीजे अच्छे नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई संकट 1997-98 इसका एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने आगे कहा- जब हम इस तथ्य पर गर्व करते हैं कि हमारे पास फ्यूचर एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) में दुनिया की सबसे बड़ी ट्रेडिंग वॉल्यूम है, तो हमें खुद से पूछने की जरूरत है कि यह प्रगति का संकेत है या चिंता का संकेत है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पूंजी बाजार उन क्षेत्रों में बढ़े, जहां हम वास्तव में भारतीय घरेलू बचत का उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं।

## एक होने जा रहे हैं आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, मर्जर को शेयरहोल्डर्स की मिली मंजूरी




**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का विलय होने जा रहा है। इस विलय को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकतर शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की चेन्नई बेंच ने यह मीटिंग आयोजित की थी।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शेयरधारकों के इस फैसले की जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को दे दी है। बैंक ने बताया कि मर्जर के प्रस्ताव को 99.95 फीसदी इक्विटी शेयरहोल्डर्स ने मंजूरी दी है। ह्रष्टस्रञ्ज द्वारा आयोजित बैठक में ई वोटिंग और रिमोट ई वोटिंग के जरिए यह फैसला हुआ है। जल्द ही इस फैसले की घोषणा नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा भी की जा सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दिसंबर, 2023 में आईडीएफसी लिमिटेड और इसकी बैंकिंग सब्सिडियरी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिवर्स मर्जर की अनुमति दे दी थी। आईडीएफसी फाइनेंशियल होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ने इस मर्जर को जुलाई, 2023 में मंजूरी दी थी। इस प्रस्तावित रिवर्स मर्जर स्कीम के तहत आईडीएफसी के शेयरहोल्डर्स को 100 शेयर के बदले 155 शेयर मिलेंगे। आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर्स की फेस वैल्यू 10 रुपए होगी।

## 1991 के आर्थिक सुधार से आगे बढ़ने की जरूरत, कैपिटल मार्केट में बड़े रिफॉर्म पर सोचना होगा, तभी आएगा निवेश: सीईए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतें पूरी करने के लिए देश को पूंजी बाजार में और सुधार करने की जरूरत है। नागेश्वरन ने उद्योग मंडल सीआईआई के एनुअल बिजनेस समिट में कहा, ''कैपिटल मार्केट रिफॉर्म पिछले तीन दशकों में प्रौद्योगिकी के सबसे सफल सुधारात्मक कदमों में से एक रहा है लेकिन हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां हमें इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है इसीलिए पूंजी बाजार में सुधार के दूसरे चरण के बारे में सोचना होगा।''




वर्ष 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने पूंजी बाजार सुधारों की शुरुआत की थी। इस क्रम में पूंजी बाजार के कुशल विनियमन और विकास के लिए 1992 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की स्थापना की गई थी। सीईए ने यह भी कहा कि देश को समग्र और व्यापक तस्वीर के लिए लक्ष्य के अनुरूप निवेश को लेकर अनुमान लगाने की आवश्यकता है। इस निवेश को डेट और इक्विटी के माध्यम से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत कुछ महीनों में जेपी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल होगाज्उसके बाद जनवरी 2025 से हम ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक का भी हिस्सा होंगे। इससे देश में पूंजी आएगी।' नागेश्वरन ने यह भी कहा कि भारत को विदेशी पूंजी प्रवाह पर निर्भरता को लेकर बहुत सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा, ''अगले तीन से पांच साल में हमें वैश्विक वित्तपोषण पर निर्भरता की सीमा के बारे में सतर्क रहने की जरूरत है लेकिन 2047 की यात्रा के दूसरे चरण में मुझे लगता है कि हमारे लिए विदेशों से बड़ी मात्रा में पूंजी लेने के अवसर होंगे।''

### कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी, भाव बढ़ने की आस में किसान बेचने से कर रहे परहेज

**मुंबई , एजेंसी।** दो महीने से कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। दूसरी ओर, किसानों को ऐसा लग रहा है कि इस वर्ष कम उत्पादन के कारण कपास की कीमतों तेजी अवश्य आएगी। किसानों के इसी अनुमान की वजह से मौजूदा समय में मंडियों में कपास की आवक भी घट रही है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) के आंकड़ों के अनुसार कॉटन (कपास शंकर 6) की कीमतों में पिछले दो महीनों से लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। कपास की कीमतें गिरकर 16,057 रुपये प्रति क्विंटल हो गई हैं। जबकि दो महीने पहले 15 मार्च 2024 को इसी कपास के लिए 17,434 रुपये प्रति क्विंटल की बोली लग रही थी। वहीं, एक साल पहले शंकर 6 किस्म के कपास का भाव 16,759 रुपये प्रति क्विंटल था। जानकारों के अनुसार यदि कपास के भाव में गिरावट इसी तरह जारी रही तो इससे किसानों को मुश्किल हो सकती है। चाहे वे इसे स्टोर करें या बेच दें पर उनको परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

## रुल्का इलेक्ट्रिकल्स आईपीओ पर टूटे निवेशक, लिस्टिंग के दिन ही पैसे होंगे डबल! 21 मई तक दांव लगाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रुल्का इलेक्ट्रिकल्स आईपीओ गुरुवार 16 मई को ओपन हुआ था। निवेशक इस इश्यू में मंगलवार 21 मई तक दांव लगा सकते हैं। दो दिन तक इस इश्यू को करीबन 13.76 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया है। आईपीओ का प्राइस बैंड 223 रुपये से 235 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के बीच है। इसका फेस वैल्यू 10 रुपये है।

17 मई 2024 को रुलका इलेक्ट्रिकल्स एसएमई आईपीओ का वर्तमान जीएमपी 240 रुपये है। रुलका इलेक्ट्रिकल्स एसएमई आईपीओ की अनुमानित लिस्टिंग कीमत 475 रुपये है। इसमें प्रति शेयर 102.13त्न प्रतिशत लिस्टिंग गेन की उम्मीद है। बता दें कि रुल्का इलेक्ट्रिकल्स आईपीओ को एनएसई एसएमई पर लिस्ट किया जाएगा, जिसकी संभावित लिस्टिंग डेट शुक्रवार, 24 मई, 2024 तय की गई है।




### एंकर निवेशकों से 7.5 करोड़ रुपये

एंकर निवेशकों ने पहले ही 235 रुपये प्रति शेयर पर 3.19 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री के जरिए 7.5 करोड़ रुपये का योगदान दिया है, जिससे बीओएफए सिक्योरिटीज यूरोप एसए - ओडीआई, नेजेन अनडिस्कवर्ड वैल्यू फंड और गैलेक्सी नोबल ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज जैसे दिग्गज निवेशकों को आकर्षित किया गया है। निवेशकों को न्यूनतम 600 शेयरों के लिए आवेदन करना आवश्यक है। आईपीओ में 8.42 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के जरिए 2.8 लाख इक्विटी शेयर बेचने की पेशकश शामिल है। आईपीओ ने विभिन्न श्रेणियों को शेयर आवंटित किए हैं, जिनमें बाजार निर्माताओं के लिए 56,400, एचएनआई के लिए 1.6 लाख, क्यूआईबी के लिए 2.13 लाख और खुदरा निवेशकों के लिए 3.73 लाख शेयर शामिल हैं। बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर के रूप में कार्य करता है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पेशकश के लिए रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करता है।


## संक्षिप्त समाचार

### सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को हराया, 4 विकेट से जीता मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 69वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच 19 मई को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए 20 ओवर में 214 रन का स्कोर खड़ा किया था।हैदराबाद ने पंजाब की टीम को 4 विकेटों से शिकस्त दे दी है! इसी के साथ कमिंस की आर्मी अब पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुँच गए हैं। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 28 बॉल में 66 रन की पारी खेली। उनके अलावा हेनरिक क्लासन नेभी 25 बॉल में 42 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में टी नटराजन ने 2 विकेट लिए।

### मोहम्मद कैफ की भविष्यवाणी- ये 4 टीमें पहुंचेंगी टी20 विश्व कप 2024 सेमीफाइनल में



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में कौन सी टीमें पहुंचेंगी इसपर पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भविष्यवाणी की है। भारत और पाकिस्तान को विश्व कप के ग्रुप ए में रखा गया है और दोनों 9 जून को न्यूयॉर्क में आमने-सामने होंगे। यह टूर्नामेंट का सबसे महत्वपूर्ण मुकाबला भी है। 138 आधिकारिक मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कैफ का कहना है कि उन्हें वेस्टइंडीज में चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच फाइनल दिख रहा है।

कैफ ने कहा कि किसी तरह न्यूजीलैंड ने शीर्ष 4 में जगह बना ली है, आईसीसी आयोजनों में आप उन्हें ख़ारिज नहीं कर सकते इसलिए न्यूजीलैंड को जोड़ें। मुझे लगता है कि वेस्ट इंडीज चूंकि अपने घर में खेल रही है इसलिए घरेलू मैदान पर वह एक खतरनाक टीम हो सकती है। मुझे नहीं पता कि शायद ऑस्ट्रेलिया या पाकिस्तान में से कोई एक आ सकता है। अगर पाकिस्तान के साथ फाइनल आता है तो अच्छा है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप में एक साथ कुल सात मैच खेले हैं जहां टीम इंडिया 6 बार विजयी हुई है। पाकिस्तान को एकमात्र जीत 2021 में मिली थी।

बहरहाल, कैफ का मानना ??है कि भारत के पास 2022 के मुकाबले बेहतर टीम है। कैफ ने कहा कि पिछली बार की तुलना में हमारे पास काफी बेहतर गेंदबाजी आक्रमण है, हमारे पास चहल थे लेकिन हम उन्हें पहले एकादश में नहीं खिला सके। इस साल हमारे पास कुलदीप यादव हैं, हमारे पास अक्षर पटेल, जडेजा हैं, अच्छे स्पिनर हैं। सभी अनुभवी और विकेट लेने वाले खिलाड़ी अपने दिन पर खेल बदल सकते हैं।

## धोनी के सिक्स के बाद यश दयाल ने कहा

# छक्का लगा तो मुझे पिछले साल की याद आ गई...

**बेंगलूर(एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी ने 20वें ओवर की पहली फुलटॉस गेंद को चिन्नास्वामी स्टेडियम की छत के ऊपर भेजा तो गेंदबाज यश दयाल को पिछले साल रिंकू सिंह के बल्ले से निकले लगातार पांच छक्के याद आ गए। लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को आईपीएल प्लेऑफ में जगह दिलाई। रिंकू ने पिछले साल में दयाल को लगातार पांच छक्के जड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स को चमत्कारिक जीत दिलाई थी।

दयाल को शनिवार को जब आखिरी ओवर सौंपा गया तो सामने धोनी और रविंद्र जडेजा थे जिन्हें बस 17 रन की जरूरत थी। दयाल ने पिछले अनुभव से सबक लेते हुए धोनी के छक्के के बाद धीमी गेंद डाली और भारत के पूर्व कप्तान का विकेट लेकर चेन्नई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अगली चार गेंदों पर उन्होंने एक ही रन दिया।




**छक्का खाने के बाद यश को आ गई थी पिछले साल की याद** – पिछले सत्र के बाद दयाल को गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया था। आरसीबी ने उन्हें नीलामी में पांच करोड़ रूपये में खरीदा और टीम के भरोसे पर खरे उतरते हुए दयाल ने पिछले जख्मों पर मरहम भी लगा दिया । उन्होंने कहा ,'जब पहली गेंद पर छक्का लगा तो मुझे पिछले साल की याद आ गई। लेकिन मैंने पूरे सत्र में अच्छी गेंदबाजी की थी और मैं खुद से कहता रहा कि सिर्फ एक अच्छी गेंद की जरूरत है ।' उन्होंने कहा ,'मुझे स्कोरबोर्ड देखने की जरूरत नहीं थी । मुझे बस अच्छी गेंद करनी थी। मैंने आत्मविश्वास बनाये रखा ।'

**आरसीबी नौवीं बार आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंची, छह्र टूर्नामेंट से बाहर** –दयाल ने कहा ,'पिछली बार जो कुछ हुआ , उससे मैं नर्वस हो गया था । लेकिन आरसीबी टीम में आने के बाद से मैने काफी मेहनत की और अच्छी गेंद डालने पर ही फोकस रहा । सीनियर्स ने मुझे डांटा नहीं और हमेशा मेरे साथ खड़े रहे । इससे मुझे बहुत मदद मिली ।'

**पहले 19वां ओवर डालने वाले थे दयाल फिर** – प्रयागराज के इस गेंदबाज को असल में 19वां ओवर डालना था लेकिन अचानक उन्हें आखिरी ओवर देने का फैसला लिया गया । दयाल ने कहा ,'मुझे 19वां ओवर फेंकना था लेकिन अचानक डीके भैया (दिनेश कार्तिक) और फाफ (डु प्लेसी) ने बात की। मुझे नहीं पता कि क्या बात की। उन्होंने कहा कि लॉकी 19वां ओवर डालेगा और मैं आखिरी ओवर ।'

दयाल ने आरसीबी के प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए कहा ,'मैंने बचपन से कभी ऐसा महसूस नहीं किया। जब भी टीवी पर आरसीबी का मैच देखता था तो लगता नहीं था कि कभी इस टीम का हिस्सा बनूंगा। मेरे लिये यह सपने जैसा है। इसके प्रशंसक अविश्वसनीय हैं और साथ नहीं छोड़ते ।' मैच का निर्णायक मोड़ क्या था , यह पूछने पर उन्होंने कहा ,'धोनी भैया का विकेट क्योंकि पहली गेंद पर उन्होंने छक्का लगाया था ।'

# गुस्सा और दुख... हारने के बाद धोनी ने आरसीबी की टीम से हाथ तक नहीं मिलाया, पीछे-पीछे गए विराट कोहली

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** क्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बीती रात हुआ मुकाबला आईपीएल में धोनी का आखिरी मैच था। क्रिकेट वर्ल्ड यही उम्मीद कर रहा है कि ऐसा नहीं होगा। धोनी भी अपने सिग्नेचर स्टाइल में मैच फिनिश करके सीएसके को प्लेऑफ में क्वालीफाई करवाना चाहते थे। पहली गेंद पर छक्का मार भी दिया था, लेकिन यश दयाल ने अगली बॉल पर फंसा लिया। आरसीबी न सिर्फ मैच जीतने में कामयाब रही बल्कि प्लेऑफ में भी क्वालीफाई कर गई। अब मैच खत्म होने के बाद की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां धोनी विरोधी टीम आरसीबी के खिलाड़ियों से हाथ मिलाना छोड़कर वापस ड्रेसिंग रूम में लौटते नजर आ रहे हैं।



**इंतजार नहीं कर पाए धोनी** – धोनी पूरी सीजन भर चोटिल घुटने के साथ मैच से ठीक पहले इंजेक्शन लेकर खेलते रहे। कुछ अच्छी कैमियो पारी खेलकर सीएसके को जीत भी दिलाई, लेकिन करो या मरो के मुकाबले में चोक कर गए। मैच खत्म होने के बाद डगआउट से सीएसके की पूरी टीम लाइन लगकर ग्राउंड की ओर जा रही थी। सबसे आगे महेंद्र सिंह धोनी थे, लेकिन आरसीबी के प्लेयर्स अपने जश्न में मगन थे। ऐसे में येलो आर्मी को उनसे हाथ मिलाने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ रहा था। हालांकि, थोड़ी देर रुकने के बाद माही ड्रेसिंग रूम में लौटने का फैसला करते हैं।

**धोनी के पीछे गए विराट** – वापस लौटते वक्त थाला ने आरसीबी के सपोर्ट स्टाफ के मेंबर्स और कुछ बेंच खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। एक अन्य वीडियो में यह देखा जा सकता है कि मैदान पर धोनी को नदारद देख विराट कोहली पीछे-पीछे उनसे मिलने ड्रेसिंग रूम में चले जाते हैं। अब धोनी द्वारा आरसीबी के किसी भी खिलाड़ी से हाथ नहीं मिलाने का मामला विवाद का रूप लेता जा रहा है। कमेंटेटर्स और पूर्व क्रिकेटर्स इस बारे में अपनी राय दे रहे हैं।

**हर्षा भोगले, वॉन ने उठाए सवाल** – मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले ने कहा, मैंने इस तरह की चीजें देखी हैं। आपने वर्ल्ड कप फाइनल खेला और उसके बाद आपने इमोशंस दिखाए, लेकिन इसके बावजूद सभी खिलाड़ियों ने हाथ मिलाया। हाथ मिलाना हमारे खेल की सबसे महाज चीज है, इससे पता चलता है कि हमारी लड़ाई खत्म हो चुकी है और ये सिर्फ मैच है और जाकर हाथ मिलाए। इसी शो में मौजूद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा, अगर ये धोनी का आखिरी गेम है और आज के बाद वह कभी आईपीएल में बतौर प्लेयर नहीं आएंगे तो उनके विकेट का जश्न भी नहीं मनाना चाहिए था।

## जब खिलाड़ी चोटिल होते हैं तो टीम का संतुलन नहीं बनता : ऋतुराज गायकवाड़

**बेंगलूर (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने एम चिन्नास्वमी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आखिरी मुकाबला 27 रन से गंवा दिया। इससे गत चैंपियन चेन्नई इस सीजन में प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। बेंगलुरु के लिए यह लगातार छठी जीत थी जिसके चलते वह प्लेऑफ में पहुंच गई। मैच गंवाने के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि यह एक अच्छा विकेट था। स्पिनरों के लिए यह टर्न ले रहा था और थोड़ा पकड़ बना रहा था। जो लक्ष्य था उससे हम काफी खुश हूं। सीजन को संक्षेप में कहें तो 14 में से सात मैचों से काफी खुश हूं।

### पंजाब से गंवाया मैच पड़ गया भारी

चेन्नई सुपर किंग्स ने लीग के पहले 9 मैचों में से पांच मैच जीतकर अच्छी स्थिति बनाई थी। लेकिन 10वें मुकाबले में वह जैसे ही पंजाब किंग्स से हारी, अंक तालिका में हैदराबाद और लखनऊ उन्हें टक्कर देने के लिए आ गई। यह ऐसा मुकाबला था जिसे जीतकर चेन्नई आसानी से प्लेऑफ के लिए जा सकती थी। इस मुकाबले को गंवाने के बाद चेन्नई ने गुजरात टाइटंस से भी मुकाबला गंवा दिया जोकि सीजन में लय में नहीं दिखी।

गायकवाड़ ने हार के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे लिए चोटें, कॉनवे का साथ नहीं होना, बहुत अंतर पैदा कर गया। हमें पहले गेम से ही चुनौतियां मिल रही थीं। पथिराना घायल हो गए। हम फिज (मुस्तिफिजुर रहमान) से भी चूक गए। जब आपके खिलाड़ी चोटों से जूझते हैं तो आपके लिए टीम का संतुलन बनाना मुश्किल हो जाता है। इस कारण कई बार आप लाइन पर नहीं पहुंच पाते। मेरे लिए व्यक्तिगत उपलब्धियां बहुत मायने नहीं रखतीं।

## आखिरी ओवर में यश दयाल को क्या कहा था, फाफ डु प्लेसिस ने किया खुलासा

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को महत्वपूर्ण मुकाबले में 27 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। आरसीबी की यह सीजन में लगातार छठी जीत रही। उन्हें जीत की स्थिति में पहुंचाने में कप्तान फाफ डु प्लेसिस का बड़ा योगदान रहा जिन्होंने ओपनिंग पर आते हुए विराट कोहली (47) के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरूआती दी ताकि टीम 214 रन तक पहुंच सके। अपनी पारी के लिए फाफ डु प्लेसिस ने प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद कहा कि क्या रात थी ! बहुत अच्छा माहौल था। घरेलू मैदान पर जीत के साथ सीजन खत्म करने की खुशी है। पिच पर बहुत बारिश हो रही थी और आपको वह नमी नहीं चाहिए थी। यह रांची में 5वें दिन के टेस्ट मैच जैसा लग रहा था ! कई बल्लेबाजों ने अच्छे स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मुझे वास्तव में गर्व है कि हम 175 का बचाव कर रहे थे (न ही 201 और न ही 218)!



डु प्लेसिस ने कहा कि मैं मैन ऑफ द मैच (पुरस्कार) यश दयाल को समर्पित करता हूं! एक ऐसे व्यक्ति के लिए जो बिल्कुल नया है, वह इसका हकदार है। आखिरी ओवर से पहले दयाल को क्या कहा था, सवाल पर डु प्लेसिस ने कहा कि यहां तेज गति सबसे अच्छा विकल्प था। मैंने उसने कहा कि अपने कौशल पर भरोसा रखें और आनंद लें, आपने इसी के लिए प्रशिक्षण लिया है। पहली गेंद पर यॉर्कर काम नहीं आया और वह तेजी से वापस चला गया और इसने अविश्वसनीय रूप से अच्छा काम किया दर्शकों का समर्थन के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि आप इसका आनंद लें। आईपीएल में अब हमारा अगला लक्ष्य नॉकआउट में पहुंचने का प्रयास करना है।

**लगातार 6 मुकाबले जीते आरसीबी ने** – आरसीबी के लिए यह सीजन अब तक अविश्वसनीय रहा है। टीम ने प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए लगातार छह मुकाबले जीते हैं। आरसीबी ने पहले 8 मुकाबलों में से केवल एक ही जीता था। उन्हें लगातार छह हार का सामना भी करना पड़ा था। लेकिन हैदराबाद के खिलाफ जीत के साथ ही उन्होंने जीत का सिलसिला शुरू कर दिया। उन्होंने इस दौरान गुजरात को दो बार हराया। फिर पंजाब, दिल्ली और अब चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में पहुंच गए।

# मैदान पर ही रोने लगे विराट कोहली

### अनुष्का शर्मा के भी आंखों में आंसू, आरसीबी परिवार के लिए ये जीत कुछ खास है

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ग्रीक पौराणिक कथाओं में फीनिक्स पक्षी का जिक्र मिलता है, जो अमर है, जो चक्रीय रूप से पुनर्जीवित होता है अन्यथा फिर से जन्म लेता है। सूर्य से सीधा संबंध रखने वाले फीनिक्स पक्षी के बारे में कहा जाता है कि वह अपनी राख से उठकर नया जीवन प्राप्त करता है। आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी फीनिक्स की तरह ही उभरी और शनिवार रात शानदार तरीके से प्लेऑफ में जगह बनाई। आधी रात तक चले मैच में, आरसीबी ने डिफेंडिंग चैंपियंस और चिर प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ संयम नहीं खोया और अंत में न सिर्फ मैच जीता बल्कि प्लेऑफ में भी जगह बना ली। शुरुआत सात में से छह मैच गंवाकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली आरसीबी आईपीएल इतिहास की एकमात्र टीम बन चुकी है।





मैच की जैसी ही आखिरी गेंद फेंकी गई और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जीतने की पुष्टि हुई। ग्राउंड पर जश्न शुरू हो गया। विराट कोहली खुशी में उछलने-कूदने लगे। भागने लगे। पूरे एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मानो करंट दौड़ गया हो। स्टेडियम के भीतर और बाहर मौजूद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। खुशी के इन लम्हों के बीच विराट कोहली इमोशनल हो गए। आंखों से टप-टप आंसू बहने लगे। अपनी जर्सी से नैनों के किनारों को पोछा। स्टैंड्स में मौजूद उनकी एक्ट्रेस पत्नी अनुष्का शर्मा भी इस थ्रिलिंग जीत के बाद भावुक हो गईं। पूरा मंजर बताने के लिए काफी था कि कोहली परिवार के लिए ये जीत कितने मायने रखती है। पूरी आरबीसी फैमिली को इस जीत की कितनी बेसब्री थी।

मैच की बात करें तो टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पांच विकेट के नुकसान पर 218 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान फाफ डुप्लेसिस (54) और विराट कोहली (47) ने पहले विकेट के लिए 9.4 ओवर में 78 रन की साझेदारी की। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रजत पाटीदार ने 23 गेंदों में 41 रन बनाए और कैमरून ग्रीन (17 गेंदों पर नाबाद 38 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 71 रनों की पार्टनरशिप कर लय बरकरार रखी। अंत में, दिनेश कार्तिक (6 में से 14) और ग्लेन मैक्सवेल (5 में से 16) ने आरसीबी के लिए छोटे-छोटे कैमियो खेले।

## सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता, चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराया

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों




मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।

सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

# कोहली, फाफ, दयाल नहीं, हरभजन ने आरसीबी के गुमनाम हीरो पाटीदार को सीएसके के खिलाफ गेम चेंजर बताया

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना ??है कि रजत पाटीदार ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल बदल दिया। आरसीबी ने सीजन के अपने पहले सात मैचों में सिर्फ एक जीत के बाद प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बनकर सीएसके के खिताब की रक्षा के सपने को समाप्त कर दिया।

बारिश से प्रभावित मैच में विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसिस की जोड़ी ने 78 रनों की साझेदारी की। उनकी साझेदारी ने आरसीबी को एक ऐसा स्कोर बनाने का आधार प्रदान किया जो उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने में मदद की। कोहली के आउट होने के बाद पाटीदार आए और स्पिनरों की मदद करने वाली सतह पर सिर्फ 23 गेंदों पर 41 रन बनाए। बारिश के बाद पिच ने स्पिनरों को काफी मदद की। पाटीदार ने चार छक्के और दो चौके लगाकर आरसीबी को 218/5 का स्कोर बनाने में मदद की।

हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, कोहली और फाफ ने बारिश के बाद जब गेंद बहुत घूम रही थी, तब





विकेट नहीं खोकर अच्छा प्रदर्शन किया। यह एक ऐसी जीत है जिसका मैं वर्णन नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि रजत पाटीदार ने अपनी पारी से खेल को बदल दिया। कैमरून ग्रीन शानदार फॉर्म में थे।

सीएसके ने वापसी की और 201 रन बनाने के लिए तैयार दिख रहा था जिससे आरसीबी की तुलना में उनका नेट रन रेट बेहतर हो जाता। अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी एमएस धोनी ने 110 मीटर का छक्का लगाकर पूरा स्टेडियम का रूख अपने तरफ कर दिया। लेकिन यश दयाल ने धैर्य बनाए रखा और धोनी को आउट करके आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचा दिया। धीमी बैक-ऑफ-द-हैंड डिलीवरी पर भरोसा करते हुए उन्होंने अगली चार गेंदों में सिर्फ एक रन दिया और आरसीबी को 27 रन से जीत दिलाई।

हरभजन ने कहा, यश दयाल सुपरहीरो बन गए, धोनी का विकेट लेने के बाद उन्होंने चार गेंदों में सिर्फ एक रन दिया जो अविश्वसनीय था। आरसीबी 14 अंकों और 0.459 के नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर ग्रुप चरण समाप्त करेगी। एलिमिनेटर मुकाबले के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी का फैसला अभी होना बाकी है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 20 मई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, गंजीपुरा इलाके में मची अफरातफरी




**जबलपुर, एजेंसी।** शहर के सबसे व्यस्ततम गंजीपुरा मार्केट स्थित एक तीन मंजिला कपड़े की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ग्राउंड फ्लोर में लगी आग तेजी से ऊपर की ओर फैल गई और उसकी चपेट में ऊपरी मंजिल की होजयरी दुकान भी चपेट में आ गई। आनन-फानन में क्षेत्रीय नागरिक व दुकानदारों ने नगर निगम की दमकल शाखा को सूचना दी। मौके पर चार दमकल वाहन रवाना किए गए। दमकलकर्मी पानी की बौछार कर आग बुझाने की कवायद में अब भी जुटे हैं। आग तीन मंजिला इमारत के निचले हिस्से से होकर ऊपर तक पहुंच गई थी। आग भड़कती देख बाद में तीन टैंकर और रवाना किए गए। आग कपड़े की दुकान में लगी थी। संकरी गलियां होने के कारण आग को काबू करने नगर निगम का काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। आग में लाखों रुपये के नुकसान की आंशका जताई जा रही है।

### 2500 किमी दूर चेन्नई में धड़केगा 12 वर्षीय सयोगता का दिल, 6 लोगों की जिंदगी को कर गई रोशन

**चेन्नई, एजेंसी।** 12 साल की बच्ची जिसने अभी दुनिया ठीक से देखा भी नहीं था, वह दुनिया को अलविदा कह गई, लेकिन दुनिया से-जाते-जाते वह छह लोगों की जिंदगी को रोशन कर गई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव मुंडिया की 12 वर्षीय सयोगता का दिल 2500 किलो मीटर दूर चेन्नई में धड़केगा। सयोगता का दिल चेन्नई स्थित एमजीएम हेल्थकेयर अस्पताल में भर्ती छह वर्षीय बच्ची को ट्रांसप्लांट किया गया है। सयोगता 12 मई को हिमाचल के बद्दी में सड़क हादसे में घायल हो गई थी। उसे उपचार के लिए पीजीआइ में भर्ती किया गया था, लेकिन 17 मई को डाक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषितं कर दिया। परिवार ने सयोगता के अंगदान करने का फैसला किया, जिसके बाद पीजीआई में भर्ती पांच मरीजों को कार्निया, लिवर और किडनी प्रत्यारोपित्त किए गए और उसका दिल चेन्नई भेजा गया, जहां बच्ची को ट्रांसप्लांट किया गया है। पीजीआई निदेशक प्रो. विवेक लाल ने सयोगता के परिवार की तरफ से उसके अंगदान के फैसले की सराहना करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिवार के फैसले से न केवल जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे लोगों की जान बचाई है, बल्कि मानवता और करुणा का एक गहरा उदाहरण भी दिया है।

### शालीमार एक्सप्रेस के डिब्बों पर गिरा बिजली का पोल, मासूम समेत तीन यात्री घायल



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से बड़े हादसे की खबर आ रही है। यहां कलकत्ता से रायपुर आ रही शालीमार एक्सप्रेस की स-6 कोच समेत 2 से 3 डिब्बों पर बिजली का खंभा गिर गया। बोगी पर बिजली का खंभा गिरने से ट्रेन में सवार यात्रियों को चोटें आई है। इस हादसे में ट्रेन में सवार एक मासूम समेत तीन यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जीआरपी, आरपीएफ समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। रायपुर और उरकुरा स्टेशन के बीच हादसा हुआ है।

# जेल से बाहर आने के लिए छटपटा रहा गुरमीत राम रहीम, हाई कोर्ट में बोला- पैरोल का हकदार हूं

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
दुष्कर्म और हत्या के मामलों में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर जेल से बाहर आना चाहता है। उसने पैरोल या फरलो देने पर रोक के आदेश को हटाने के लिए पंजाब एवम हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष गुहार लगाई है। डेरा प्रमुख के अनुसार इस साल उसके पास अभी भी 41 दिन की पैरोल बची हुई है और वह इसका लाभ उठाना चाहता है। इससे पहले 29 फरवरी को हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को भविष्य में अदालत की अनुमति के बिना डेरा प्रमुख को पैरोल देने से रोक लगा दी थी। दिलचस्प यह है कि लोकसभा चुनाव के समय राम रहीम ने परोल मांगी है। पंजाब और हरियाणा की कई सीटों पर डेरा इफेक्ट रहता है।



डेरा प्रमुख ने अर्जी में कहा है कि वह इस साल 20 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो सहित कुल 41 दिनों की रिहाई का हकदार है। 29 फरवरी के आदेशों पर रोक हटाने की मांग करते हुए डेरा प्रमुख ने अब दलील दी है कि पैरोल और फरलो देने का उद्देश्य सुधारात्मक प्रकृति का है और दोषी को परिवार और समाज के साथ अपने सामाजिक संबंधों को बनाए रखने में सक्षम बनाना है। 29 फरवरी का आदेश डेरा प्रमुख के अधिकारों को नुकसान पहुंचा रहा है क्योंकि वह अधिनियम के अनुसार इस वर्ष 20 दिनों के लिए पैरोल और 21 दिनों के फरलो के लिए पात्र है और जैसा कि अन्य समान रूप से रखे गए दोषियों को दिया गया है।

डेरा प्रमुख ने यह भी कहा है कि हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्पररी रिलीज) एक्ट 2022 के तहत पात्र दोषियों को हर कैलेंडर वर्ष में 70 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो देने का अधिकार दिया गया है। राम रहीम ने दलील दी है कि नियम ऐसे किसी भी दोषी को पैरोल और फरलो देने पर रोक नहीं लगाते हैं, जिसे आजीवन कारावास और निश्चित अवधि की सजा वाले तीन या अधिक मामलों में दोषी ठहराया गया हो और सजा सुनाई गई हो। डेरा प्रमुख को हर कैलेंडर वर्ष में 70 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो देना पूरी तरह से कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद संबंधित वैधानिक प्रावधान के अनुसार है।

डेरा प्रमुख को बार बार दी जा रही पैरोल के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस में हरियाणा सरकार पर नियमों को ताक पर रख अपने फायदे के लिए उसे बार बार पेरोल देने की बात कही गई थी। इस पर फरवरी में कोर्ट ने डेरा प्रमुख को भविष्य में कोर्ट की इजाजत के बगैर पैरोल या फरलो देने पद रोक लगा दी थी। राम रहीम को मिलने वाली पैरोल को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया था। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि राम रहीम को अदालत से पूछे बिना पैरोल ना दी जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी पूछा कि इस तरह और कितने लोगों को अब तक पैरोल दी गई है। राम रहीम को डेरा की दो साधवियों के साथ दुष्कर्म के आरोप में 20 साल की जेल हुई है। 2021 में राम रहीम को डेरा के एक प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के मामले में 4 अन्य के साथ दोषी ठहराया गया था। डेरा प्रमुख और 3 अन्य को 2019 में पत्रकार रामचन्द्र छत्रपति की हत्या के मामले में 16 साल की जेल हुई थी। पिछले दो साल में राम रहीम को 6 महीने से ज्यादा की पैरोल मिल चुकी है।

## जेल ट्रांसफर के बहाने हो सकती है मेरी हत्या; अबू सलेम को सता रहा एनकाउंटर का डर

**मुंबई एजेंसी।** जेल में बंद 1993 के बॉम्बे सीरियल ब विस्फोटों के दोषी अबू सलेम को अपनी जान का डर सता लगा है। उन्हें इस बात का डर है कि जेल ट्रांसफर के बहा उसकी हत्या ना कर दी जाए। इसके लिए उसने स्पेशल को में याचिका दाखिल की थी और जेल ट्रांसफर नहीं करने लिए आदेश देने की अपील कोर्ट से की है। कोर्ट ने उसव याचिका पर सुनवाई करते हुए तलोजा जेल अधिकारियों व निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक अबू सलेम का जे ट्रांसफर नहीं करें।

19 साल पहले पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद से जेल बंद अबू सलेम को आशंका है कि जैसे-जैसे जेल से उसव रिहाई करीब आ रही है, उसे अन्य जेलों में स्थानांतरित कर उसे मारने की साजिश रची जा रही है। उसे अपनी जान प खतरा महसूस हो रहा है। सलेम ने पिछले दो हमलों का भ हवाला दिया, जिनमें आर्थर रोड जेल में गैंगस्टर और इस मामले में एक और दोषी मुस्तफा दोसा की हत्या कर दी ग थी।

आपको बता दें कि छोटा राजन के सहयोगी मुंबई सेंट्र जेल, औरंगाबाद सेंट्रल जेल, अमरावती सेंट्रल जेल औ कोल्हापुर सेंट्रल जेल जैसी विभिन्न जेलों में बंद हैं। अ सलेम को आशंका है कि वे जेल अधिकारियों को रिश्व देंगे और दबाव डालेंगे। उस पर हमला करो। अधीक्षक व जवाब के लिए मामले को 28 मई तक के लिए स्थगित क दिया गया है।

सलेम की याचिका में कहा गया है कि तलोजा जेल व अंडा सेल के अधिकारी सुरक्षा कारणों से अंडा सेल के टूट या मरम्मत के बहाने उसे स्थानांतरित करने की योजना ब रहे हैं। याचिका में कहा गया है, भले ही इसे सच माना जा और मरम्मत की आवश्यकता है, सलेम को आसानी तलोजा सेंट्रल जेल के अंदर किसी अन्य सर्कल या बैर या सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता क्योंकि यह बहुत विशाल जेल है।

## घर में 43 लड़कियों को देख पुलिस हुई हैरान, शक के बाद ऐक्शन; 62 लड़के भी मिले

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड पुलिस को सूचना मिली कि एक घर में दर्जनों लड़कियों और लड़कों को बंधक बनाया गया है। इनपुट मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां 100 से ज्यादा लड़के-लड़कियां मौजूद थे। पुलिस को एक साथ इतने लड़के-लड़कियों को देखकर संदेह हुआ। पुलिस ने 43 लड़कियों का रेस्क्यू किया। लेकिन सभी लड़कियां वापस उसी जगह आ गई और पुलिस पर परेशान करने का आरोप भी लगाया। यह रामगढ़ का मामला है।

दरअसल, कांकेबार स्थित एक निजी आवास से प्रशासन और पुलिस की ज्वाइंट टीम ने गुरुवार देर रात को कुल 43 युवतियों को रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि कांकेबार स्थित एक आवास में सैकड़ों युवक और युवतियों को बंधक बना कर रखा गया है। जब पुलिस की टीम वहां पहुंची तो देखा गया कि सैकड़ों युवक और युवती वहां मौजूद हैं। जिसे देख सभी को संदेहास्पद प्रतीत हुआ।

तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने सभी युवतियों को वहां से सखी वन स्टॉप सेंटर में ले जाने का निर्देश दिया। इसके बाद महिला थाना प्रभारी ने सभी 43 युवतियों को वहां से रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया। जहां से जांच के बाद शुक्रवार देर शाम सभी युवतियों को छोड़ दिया गया। इसके बाद सभी युवतियां वापस उसी स्थान पर पहुंच गई हैं। मामले को लेकर युवतियों ने बताया कि वे मार्केटिंग कंपनी के लिए काम करती हैं। लेकिन अचानक देर रात पुलिस आती है और उनके साथ बुरा बर्ताव करते हुए बिना उनका पक्ष जाने जबरन सभी को ले जाती है। उन्होंने बताया कि वे गरीब परिवार से आती हैं, जिस कारण रोजगार के चलते यहां पर काम करने आई हैं। रामगढ़ के एसडीओ आशीष गंगवार ने बताया कि गुरुवार देर रात में सूचना मिली थी कि कांकेबार स्थित एक निजी आवास में सैकड़ों युवक युवती बंधक बनाए गए हैं। सूचना पर वहां जाने पर देख गया कि दर्जनों युवक युवती आवास के छत पर बैठे हुए थे।

# ममता से लड़ना है तो राम के घर आओ; खड़गे की चेतावनी के बाद अधीर रंजन को भाजपा का ऑफर

**कोलकाता , एजेंसी।**
लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ममता बनर्जी को लेकर हमेशा आक्रामक होने के कारण अपनी ही पार्टी में अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। ममता और टीएमसी के अन्य नेताओं ने बार-बार अधीर को भाजपा एजेंट करार दिया है। ममता ने हाल ही में कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो टीएमसी भी समर्थन देगी। टीएमसी सुप्रीमो के बयान पर अधीर रंजन ने कहा था कि ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि ममता को लेकर जो भी फैसला होगा वह खड़गे खुद या आलाकमान सोनिया गांधी करेंगी।

खड़गे के बयान के बाद बीजेपी ने इस मौके को लपका और लगे हाथ बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने अधीर रंजन चौधरी को पार्टी बदलने का ऑफर दे दिया। शनिवार को प्रचार के दौरान एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं अधीरदा से यही कहूंगा कि अगर आप ममता बनर्जी से लड़ना चाहते हैं तो कोई उपयुक्त जगह ढूंढ लीजिए। जिस घर में आप हैं वह भयावहता से भरा है। भयावहता का घर छोड़ो। राम के घर चलो।



गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पहले ही एक फर्जी मैसेज फैल चुका है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि अधीर चौधरी जून में बीजेपी में शामिल होंगे। हालांकि अधीर ने वायरल मैसेज का खंडन किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अधीर को दी गई चेतावनी के बाद फिर कयासों का बाजार गर्म हो गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अधीर चौधरी को सख्त संदेश देते हुए ममता मुद्दे पर कहा, अधीर रंजन चौधरी फैसला नहीं लेंगे, हम फैसला लेंगे, कांग्रेस पार्टी फैसला लेगी। हम हाईकमान हैं। हम जो कहते हैं उसे मानना होगा, नहीं तो हमें जाना होगा। इसके अलावा खड़गे ने ममता के इंडिया ब्लॉक में होने को लेकर कहा, ममता बनर्जी शुरू से ही बाहर से समर्थन की बात करती रही हैं और बाहर से समर्थन कोई नई बात नहीं है। सबसे पहले यूपीए सरकार को वामपंथियों का भी बाहर से समर्थन प्राप्त था। हालांकि बाद में ममता ने यह भी कहा कि वह इंडिया गठबंधन में हैं और सरकार बनने पर उसमें शामिल होंगी।

खड़गे की चेतावनी के बाद अधीर रंजन ने बहरामपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह संभव नहीं है कि कोई कांग्रेस को नष्ट कर देगा। एक पार्टी सिपाही के तौर पर मैं इस लड़ाई को नहीं रोक सकता। मेरा विरोध नैतिक विरोध है। मेरे विरोध से मेरी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपनी पार्टी को बचाने के लिए लड़ रहा हूं।

## ताइवान के इर्द-गिर्द नजर आए चीन के सैन्य विमान और जहाज

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के पास मिले चीन के सात सैन्य विमान और जहाज मिले हैं। अलर्ट जारी करते हुए उन्होंने ताइवान रक्षा मंत्रालय ने उसका जवाब दिया। चीन और ताइवान के बीच काफी लंबे समय से तनाव चल रहा है। चीन ताइवान पर अपने अपने संप्रभुता का दावा करता है। बता दें कि ताइवान ने अक्सर चीन की सैन्य गतिविधियों और बलपूर्वक ताइवान को मुख्य भूमि के साथ फिर से जोड़ने की उसकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में चिंता जता चुका है। एमएनडी ने पिछले कुछ वर्षों से चीनी सैन्य गतिविधियों पर दैनिक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार उन चीनी विमानों, ड्रोन और गुब्बारों की पहचान की है जो ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार करके ताइवान की ओर आते पाए गए हैं। इसी बीच रविवार सुबह ताइवान रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सात सैन्य विमान और सात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) जहाजों का पता लगाया। एमएनडी ने कहा कि ताइवान के सशस्त्र बलों (आरओसीआर्म्डफोर्सेज) ने निगरानी की और तुरंत इसका जवाब दिया।



ताइवान रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज सुबह 6 बजे ताइवान के आसपास सक्रिय 7 पीएनए विमान और 7 पीएनएएन जहाजों का पता लगाया गया था। शनिवार को ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने ताइवान के पास चीनी सैन्य विमानों और जहाजों की एक महत्वपूर्ण उपस्थिति का पता लगाने की पुष्टि की।

## खैबर पख्तूनख्वा में फिर एक बार लड़कियों के स्कूलों में बमबारी, इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 2021 से ही लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। इस दौरान लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया जा रहा है। एक बार फिर दक्षिण वजीरिस्तान की वाना तहसील में एक लड़कियों के स्कूल को आतंकवादियों ने निशाना बनाया। लड़कियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से वाना वेलफेयर एसोसिएशन के समर्थन से स्थापित सोफिया नूर स्कूल की स्थापना के कुछ ही दिन बाद यहां बमबारी से हमला किया गया। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी गई है। हमला दक्षिणी जिलों के स्कूलों में किए गए हमले के ठीक आठ दिन बाद किया गया है। शेवा शहर में नौ मई को इस्लामिया गर्ल्स स्कूल में भी बमबारी की गई थी, लेकिन इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। स्कूल पर बमबारी की घटनाओं ने प्रांत के निवासियों में डर पैदा कर दिया है। बता दें कि यह हमला दक्षिणी जिलों के स्कूलों में किए गए हमले के ठीक आठ दिन बाद किया गया है। शेवा शहर में नौ मई को इस्लामिया गर्ल्स स्कूल में भी बमबारी की गई थी, लेकिन इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। स्कूल पर बमबारी की घटनाओं ने प्रांत के निवासियों में डर पैदा कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में यहां शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाया गय है। इस घटना को लेकर जारी रिपोर्ट के अनुसार, सोफिया नूर स्कूल के कुछ हिस्सों में निर्माण का काम चल रहा था। सुबह के तीन बजे यहां विस्फोट हुआ, जिसमें इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि स्कूल के प्रशासन को जबरन वसूली पत्र मिले हैं। स्थानीय लोगों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। खैबर पख्तूनख्वा में एक दशक पहले सैकड़ों स्कूलों को निशाना बनाकर बमबारी, आगजनी या स्वचालित हथियारों से हमला किया गया था। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर यहां अभियान भी चलाया, जिसके बाद स्थिति में सुधार देखने को मिला। लेकिन वजीरिस्तान में हुए इन हमलों ने एक बार फिर स्थानीय लोगों के मन में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

## राष्ट्रपति ने विवादास्पद विदेशी एजेंट विधेयक पर किया वीटो, हाल में हुए थे बड़े पैमाने पर प्रदर्शन

**त्बिलिसी , एजेंसी।** देश में भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच जॉर्जिया की राष्ट्रपति ने एक विवादित विधेयक पर वीटो किया। इसके मुताबिक अगर मीडिया और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को विदेश से 20 फीसदी से ज्यादा पैसा मिलता है, तो उन्हें विदेशी शक्ति वित्त पोषण प्राप्त करने के लिए पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी।

जॉर्जिया की राष्ट्रपति सैलोम जौराबिचविली ने शनिवार को मीडिया को निशाना बनाने वाले एक विवादित विधेयक पर वीटो कर दिया। इस विधेयक के खिलाफ बीते हफ्तों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। इसके मुताबिक, अगर मीडिया और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को विदेश से 20 फीसदी से ज्यादा पैसा मिलता है, तो उन्हें विदेशी शक्ति वित्त पोषण प्राप्त करने के लिए पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी। राष्ट्रपति ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि वह इस कानून को अस्वीकार्य मानती हैं।



अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति जौराबिचविली ने विवादास्पद विदेशी एजेंट विधेयक से पैदा हुए तनाव को कम करने के मकसद से शनिवार को कानून को वीटो किया। इस कानून की व्यापक आलोचना हुई थी और इसके खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिले थे। इन प्रदर्शनों ने जॉर्जिया की लोकतांत्रिक साख और यूरोपीय संघ की आकांक्षाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए थे। उन्होंने इसे रूसी कानून करार दिया।

हालांकि, राष्ट्रपति जौराबिचलविली का वीटो केवल इस प्रस्तावित कानून में देरी करने का काम कर सकता है, क्योंकि संसद एक अतिरिक्त वोट के साथ इसे रद्द करने की शक्ति रखती है। सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी की ओर से प्रस्तावित और इस हफ्ते के शुरू में संसद द्वारा पारित कानून में गैर सरकारी संगठनों और मीडिया आउटलेट्स को विदेश से अपने वित्त पोषण का 20 फीसदी से अधिक धन प्राप्त करने के लिए पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी।

वीटो करने के बाद जौराबिचविली ने कहा, आज, मैंने रूसी कानून को वीटो कर दिया। यह कानून अपने सार और भावना में मौलिक रूप से रूसी है, जो हमारे संविधान और सभी यूरोपीय मानकों का उल्लंघन करता है। इस प्रकार यह हमारे यूरोपीय मार्ग के लिए एक बाधा पैदा करता है। इस कानून को निरस्त किया जाना चाहिए।

## 180 छात्रों को लेकर लाहौर पहुंचा विशेष विमान, पाकिस्तानी दूतावास की सलाह- घर के अंदर रहें

**लाहौर, एजेंसी।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हिंसा भड़की हुई है। विदेशी छात्रों पर हमले किए जा रहे हैं। हिंसा के बीच 180 पाकिस्तानी छात्र लाहौर पहुंच चुके हैं। छात्रों को लेकर एक विशेष विमान शनिवार को अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। जहां पर आंतरिक मंत्री ने छात्रों का स्वागत किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, किर्गिज पुलिस ने कहा कि उन्होंने हिंसा रोकने के लिए मध्य एशियाई देश की राजधानी में सेना जुटाई थी, लेकिन सैकड़ों किर्गिज लोगों ने पाकिस्तानियों सहित विदेशी छात्रों के आवास वाली इमारतों पर हमला कर दिया था। पाकिस्तानी दूतावास के अनुसार, किर्गिज राजधानी में 13 मई को मिस्र के लोगों के साथ विवाद के बाद वहां के स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानियों सहित विदेशी छात्रों पर हमला कर दिया था। रिपोर्ट में किर्गिज स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि हिंसा में 29 लोग घाय हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 14 विदेशियों क इलाज के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी ग सरकारी पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) ने क कि बिश्केक से 180 पाकिस्तानी छात्रों को लेक विशेष उड़ान पाकिस्तान पहुंच चुकी है। पाकिस्ता के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने हिंसा के बी से सुरक्षित पहला बैच लहौर पहुंचने पर स्वाग किया। वहीं, किर्गिस्तान में पाकिस्तानी दूतावास बिश्केक में पाकिस्तानी छात्रों को घर के अंदर रह की सलाह देते हुए एक निर्देश जारी किया है किर्गिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत हसन जैगम एक्स पर अपने छात्रों के लिए एक सलाह सा की। उन्होंने कहा, हम अपने छात्र समुदाय की सुरक्ष सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्त अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129